52 वर्ष पुराना दैनिक समाचार पत्र | पंजीयक-पंजीयन संख्या-25059/73(79) | डाक पंजीकरण संख्या UP/BR-195/2022-24 | Web : muzaffarnagarbulletin.co.in

न्यूनतम 10.0 °c | अधिकतम 25.6 °c

# मुज़फ़्फ़रनगर बुलेटिन

सम्पर्क सूत्र : 9368549219, 8077929606 | संस्थापक : स्व. उत्तम चन्द्र शर्मा | रोजाना आपकी सुबह की चाय पर

सूर्योदय : 6:57 सूर्यास्त-5:20 | वर्ष : 52/ अंक : 334 | मंगलवार, 03 दिसम्बर 2024 | मार्गशीर्ष, शुक्ल पक्ष, द्वितीया | सम्वत् 2081 | मूल्य 3 रुपये | कुल पृष्ठ-4

**अमृतवाणी**

जब आपको नीचे फेंका जाये तो आप कितना ऊँचा उठते हो, इसी में आपकी सफलता है।

**यह मुज़फ़्फ़रनगर है...**

मैंने एक आम आदमी के तौर पर काम किया, लोगों को लगता है कि मुझे मुख्यमन्त्री बनना चाहिए : एकनाथ शिंदे



कुछ लोगों को लगता है कि शरद पवार को मुख्यमन्त्री बनना चाहिए.......

# थाने के सामने ही प्रधान समेत ग्रामीणों की पिटाई

**▶ दूधली की बारात की बोलेरो को गन्ने के ट्रक की साइड पर कहासुनी के बाद हुआ बवाल ▶ ट्रक चालक द्वारा फोन कर बुलाए गए लोगों ने बारातियों को पीटा व कार में की तोड़फोड़**

**चरथावल, 2 दिसंबर (बु.)।** गन्ने से लदे ट्रक की बारात की बोलेरो कार से हुए टक्कर ने सांप्रदायिक टकराव का रूप ले लिया। आरोप है कि ट्रक चालक व उसके साथी ने बोलेरो में तोड़फोड़ कर उसमें सवार बारातियों के साथ मारपीट की। इसके बाद इन लोगों ने गांव में फोन किया और थाने पर पहुंचे तो आरोप है कि चेयरमैन इस्लामुद्दीन के नेतृत्व में सैंकड़ों लोगों की भीड़ ने फिर इन लोगों पर हमला कर दूधली के प्रधान समेत तमाम ग्रामीणों के साथ मारपीट की। इसके बाद वहां जमकर बवाल हुआ। पुलिस ने दूधली प्रधान व उनके साथियों को

### आरोपः चरथावल चेयरमैन के साथ आई भीड़ और पुलिस ने भी पीड़ितों को पीटा व हिरासत में

पकड़ने की कोशिश की तो उनकी पुलिस के साथ भी हाथापाई हो गई। आरोप है कि पुलिस ने भी चेयरमैन के इशारे पर इन ग्रामीणों की जमकर पिटाई की और इसी पक्ष के घायलों व अन्य लोगों को उठाकर हवालात में डाल दिया। बवाल बढ़ने की सूचना पर सीओ सदर राजू कुमार साव मौके पर पहुंचे तो ग्रामीणों ने उनके सामने अपनी आपबीती सुनाई। प्रधान समर्थकों से मारपीट तथा प्रधान व उनके साथियों को हिरासत में लेने के विरोध में थाने में हिंदू संगठन के कार्यकताओं ने हंगामा किया। प्रधान एवं समर्थकों को हिरासत में लेने पर हंगामा हुआ। मामला चौकड़ा में बोलेरो कार में सवार बारातियों के साथ मारपीट से शुरू हुआ। आरोप है कि गन्ने से लदे ट्रक चालक ने ओवरटेक कर रही बारात की कार को साइड़ मारकर क्षतिग्रस्त कर दिया। भाकियू अराजनैतिक के ब्लॉक अध्यक्ष ठाकुर कुशलवीर सिंह ने बताया सोमवार को दूधली से



एक बारात मुश्कीपुर गई थी। देर शाम उनकी बोलेरो ने एक गन्ने के ट्रक को ओवरटेक करने की कोशिश की। हॉर्न बजाने के बावजूद काफी दूर तक ट्रक ने साइड़ नही दी। बाद में मौका मिलने पर ट्रक को ओवरटेक करने के दौरान चौकड़ा के पास ट्रक की साइड़ लगने से कार क्षतिग्रस्त हो गई। इस बात पर बारातियों और चालक में कहासुनी हो गई। इसके बाद ट्रक में सवार दूसरे समुदाय के चालक ने गाड़ी में तोड़फोड़ करते हुए बारातियों से मारपीट की। लोहे की रॉड मारकर राजीव राणा पुत्र रूप सिंह का सिर फोड़ दिया। बोलेरो में सवार बारातियों ने जैसे तैसे जान बचाई और मामले की सूचना फोन पर अपने गांव में दी। इसके साथ ही पुलिस को भी सूचना दी गई। इसके बाद कुटेसरा चौकी से पुलिस वहां पहुंची और क्षतिग्रस्त कार और घायलों को लेकर थाने ले आई। ट्रक को कब्जे में लेकर थाने लाया गया। मामले की सूचना पर दूधली ग्राम प्रधान दूधली शोभित पुंडीर थाने पहुंच गए। थाने के बाहर दोनों पक्षों की बातचीत शुरू हुई। आरोप है चरथावल चेयरमैन इस्लामुद्दीन के नेतृत्व में सैंकड़ों लोगों की भीड़ वहां पहुंच गई और इन लोगों ने फिर बारातियों



और ग्रामीणों के साथ हाथापाई शुरू कर दी। इस भीड़ के हमले में दूधली प्रधान शोभित तथा अन्य लोगों के साथ जमकर मारपीट गई। इसमें रिंकू पुत्र देवेंद्र सिंह का सिर फट गया। मुस्तीपुर के प्रधान रोहित पुत्र कृष्णपाल समेत कई अन्य लोग भी घायल हुए हैं। पुलिस के आने के बाद दूसरे पक्ष के लोग भाग गए। आरोप है कि इस दौरान वहां पहुंचे पुलिसकर्मियों ने भी चेयरमैन के इशारे पर प्रधान तथा अन्य लोगों की जमकर पिटाई कर इकतरफा कार्रवाई करते हुए प्रधान सहित कई लोगों को ही हिरासत में ले लिया। इसे लेकर प्रधान समर्थकों की पुलिस के साथ थाने में ही ड़प हो गई। प्रधान एवं उनके समर्थकों को हिरासत में लेने की खबर पर हिंदू संगठन के कार्यकर्ता और किसान संगठन के पदाधिकारियों ने थाने में पहुंचकर हंगामा किया। शिवाजी सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष अर्चित आर्य, भाकियू अराजनैतिक के ब्लॉक अध्यक्ष कुशलवीर सिंह



आदि सैकड़ों लोगों ने चेयरमैन इस्लामुद्दीन पर भीड़ को उकसा कर हमला कराने और मामले को लेकर सांप्रदायिक तनाव फैलाने का आरोप लगाया। उन्होंने थाने में जमकर हंगामा किया। उनका आरोप था कि दूसरे पक्ष के लोगों को कुछ भी कहे बिना पुलिस ने मामले में समौता कराने आए दूधली के प्रधान तथा अन्य जिम्मेदार ग्रामीणों से ही मारपीट कर पीड़ित पक्ष को ही हिरासत में ले लिया। सीओ के सामने ही ग्रामीणों ने पुलिस और चेयरमैन पर जमकर आरोप लगाए। बाद में पुलिस ने हिरासत में लिए लोगों को छोड़ दिया। सीओ ने आरोपियों के खिलाफ उचित जांच के बाद कार्रवाई का आश्वासन देकर मामला शांत किया। मामले को लेकर थाने में दी गई तहरीर में चेयरमैन पर भीड़ के साथ हमला करने का आरोप लगाते हुए बताया गया है कि इसमें दीपक व सूर्य प्रताप दूधली व रोहित निवासी मुश्कीपुर घायल हुए हैं।

## भयंकर हादसा, ट्रैक्टर और स्कूली बस की भिड़ंत में बच्चे की मौत, कई घायल

**मुजफ्फरनगर, 02 दिसम्बर (बु.)।** तितावी थाना क्षेत्र के काजीखेड़ा अंडर पास के पास दोपहर के बाद स्कूली वैन और गन्ने से भरे ट्रैक्टर के बीच जबरदस्त भिड़ंत हो गई। भिड़ंत में ट्रैक्टर व स्कूली वैन के वाहन चालकों सहित छात्र-छात्राएं व अध्यापिकाएं घायल हो गईं। बड़ा हादसा होने के कारण आते-जाते लोगों ने वहीं अपने वाहन रोककर घायल बच्चों, अध्यापिकाओं व वाहन चालकों को जिला चिकित्सालय से एम्बुलेंस बुलाकर भेजने का काम किया। देर शाम दुर्घटना में घायल एक मासूम बच्चे की मौत हो गई।

आपको बता दें कि सोमवार की दोपहर बाद एकाएक सूचना मिली कि तितावी थाना क्षेत्र के मुरादपुरा स्थित चौधरी चरण सिंह पब्लिक स्कूल की छात्रों से भरी वैन व ट्रैक्टर ट्रॉली की जबरदस्त भिड़ंत हो गई। सर्विस रोड से निकलते ही काजीखेड़ा अंडर पास के समीप सामने से आ रहे ट्रैक्टर ट्रॉली से स्कूल की वैन जा टकराई। दोनों वाहनों की आमने-सामने की भिड़ंत होने से ट्रैक्टर व वैन पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गए। टक्कर के बाद मौके पर चीख-पुकार मची तो आसपास जाते लोग वहीं रुक गये और जल्दी-जल्दी स्कूल की वैन में फंसे छात्रों व ड्राईवर को मशक्कत के बाद निकाला। हादसे में घायल हुए ड्राईवर रविश निवासी जागाहेड़ी व छात्र वेदांश पुत्र रोहित,





अभिनव पुत्र विकास, अनंत निवासी काजीखेड़ा, आयुष पुत्र नरेश निवासी जागाहेड़ी, युग पुत्र बबलू निवासी जागाहेड़ी, छात्रा गौरी व बरखा सहित दस बच्चे घायल हो गये। वहीं स्कूल की अध्यापिका करिश्मा पत्नी ललित निवासी जागाहेड़ी भी घायल हो गई। उक्त घटना में ट्रैक्टर चला रहा किसान भी गंभीर घायल हुआ। बाद में उक्त सभी को टोल कर्मियों व राह चलते लोगों की मदद से घायल अभिनव, अनंत, युग और वेदांश को जिला चिकित्सालय भिजवा दिया गया। मगर, देर शाम गंभीर रूप से घायल छात्र अभिनव की मौत हो गई, जबकि अन्य दो बच्चों युग और वेदांश का एक प्राइवेट हॉस्पिटल में उपचार चल रहा है। अभिनव पुत्र विकास निवासी जागाहेड़ी की मौत की सूचना जैसे ही क्षेत्र में पहुंची तो परिवार में कोहराम मच गया। क्षेत्र के लोग परिवार के बीच पहुंचे और उन्हें ढांढस बंधाने का प्रयास किया। समाचार लिखे जाने तक छात्र का शव घर ले जाया जा रहा था।

## दिल्ली कूच करते किसानों ने बैरिकेड तोड़े, दिल्ली सीमा पर लगा महाजाम

**नोएडा, 2 दिसंबर (एजेंसी)।** ग्रेटर नोएडा व यमुना प्राधिकरण से अपनी मांगें पूरी करने के लिए आंदोलन कर रहे किसानों ने सोमवार को महामाया फ्लाईओवर के पास

**▶ बाद में कूच रोका, एक हफ्ते बाद फिर कूच की चेतावनी**

जुटकर दिल्ली कूच किया। किसानों ने बैरिकेडिंग तोड़ दी। पुलिस का सख्त घेरा तोड़कर आगे बढ़ गए, हालांकि थोड़ी दूर पर फिर से किसानों को रोक लिया गया। भीषण जाम से हाहाकार मचा रहा।

संयुक्त किसान मोर्चा के बैनर तले जुटे



किसान पुलिस के रस्से और बैरिकेडिंग को पार करते हुए दलित प्रेरणा स्थल सेक्टर-95 में सेक्टर-18 के लिए चढ़ने वाले रैंप के पास तक पहुंच गए। पुलिस ने रोका तो किसान यहीं पर सड़क पर बैठ गए। करीब एक घंटा प्राधिकरण व पुलिस अधिकारियों के साथ किसानों की वार्ता हुई। किसान इस मांग पर अड़े रहे कि मांगे अभी मानी जाएं या उनको दिल्ली जाने दिया जाए। पुलिस-प्रशासन किसानों को वापस घर भेजने की कोशिश में था। आखिर में किसानों ने 7 दिन का समय दिया। तब तक किसान दलित प्रेरणा स्थल के अंदर ही धरना देंगे। इस दौरान एक्सप्रेस-वे दोनों तरफ से बंद होने से ट्रैफिक शहर के अंदर के रास्तों पर डायवर्ट कर दिया गया। फिर एक्सप्रेस-वे पर नोएडा आने वाले वाहन कई किलोमीटर लंबी लाइन में नजर आए। शहर के अंदर के रास्तों पर वाहनों का दबाव दोनों तरफ से अचानक से बढ़ने पर व्यवस्था चरमरा गई। इस तरह एक्सप्रेस-वे से लेकर शहर के अंदर की सड़कों पर लोग घंटों जाम में फंसे रहे। शाम तक वाहन रेंगते नजर आए।

मोर्चे में शामिल भारतीय किसान परिषद के अध्यक्ष सुखबीर खलीफा ने बताया कि मांगे पूरी करवाने के लिए अधिकारी 7 दिन में सचिव स्तर की वार्ता का प्रस्ताव लेकर शासन की तरफ से पहुंचे थे। वार्ता में किसानों ने अपना पक्ष स्पष्ट किया कि वार्ता होने और मांगे पूरी होने तक वह वापस नहीं लौटेंगे। इसके बाद किसानों ने सड़क खाली कर दी और अंदर जाकर दलित प्रेरणा स्थल में बैठ गए हैं। सुखबीर खलीफा ने यह भी कहा कि मांगे पूरी न होने पर किसान फिर से दिल्ली कूच करेंगे। किसान नेता अतुल यादव ने कहा कि किसान अब दिन रात दलित प्रेरणा स्थल में डेरा डाले रहेंगे। किसानों ने महामाया फ्लाईओवर के नीचे दोपहर 12 बजे से जुटना शुरू किया। भीड़ बढ़ने के साथ ही ग्रेटर नोएडा से नोएडा और दिल्ली आने वाले ट्रैफिक के लिए सिर्फ एक लेन बची। नारेबाजी के बीच किसान 12.40 बजे दिल्ली की तरफ बढ़े तो पूरी सड़क पर किसानों को देखते हुए फ्लाईओवर के पहले से एक्सप्रेस-वे का ट्रैफिक रोक दिया गया। ट्रैफिक सेक्टर-94 चरखा गोल चक्कर से मोड़कर दिल्ली की तरफ जाने वाले वाहनों को कालिंदीकुंज की तरफ डायवर्ट किया गया तो वहां भी जाम लग गया। दिल्ली से नोएडा, नोएडा से ग्रेटर नोएडा और दिल्ली जाने वाले लोगों को कई-कई घंटों जाम ले जूझना पड़ा।

### सोमवार को भी नहीं आया राजा वाल्मीकि हत्याकांड में फैसला

**मुजफ्फरनगर, 02 दिसम्बर (बु.)।** खतौली के राजा वाल्मीकि हत्याकांड में फैसला सोमवार को भी नहीं आ पाया। पूर्व की भांति फिर एक बार पूर्व चेयरमैन पारस जैन के अधिवक्ता की तरफ से कोर्ट में मेडिकल लगाकर प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किया गया। आपको बता दें कि पांच अप्रैल 2017 को खतौली में राजा वाल्मीकि की गोलियों से भूनकर हत्या कर दी गई थी। राजा वाल्मीकि के भाई ने ही खतौली के पूर्व चेयरमैन पारस जैन सहित पांच लोगों के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज करा दिया था, जबकि पुलिस ने विवेचना करते समय पारस जैन को क्लीन चिट दे दी थी तथा अन्य आरोपियों के खिलाफ चार्जशीट दायर कर दी थी। बाद में वादी मुकदमा के प्रार्थना पत्र पर कोर्ट ने हत्या का षड़यंत्र रचने के आरोप में पूर्व चेयरमैन पारस जैन को तलब किया था तथा हाईकोर्ट से अंतरिम जमानत खारिज होने पर पूर्व चेयरमैन पारस जैन को जेल भेज दिया था। मामले की सुनवाई एससी एसटी कोर्ट में चल रही है। सोमवार को पूर्व चेयरमैन को कोर्ट में पेश होना था, मगर फिर एक बार पारस जैन के अधिवक्ता की ओर से कोर्ट में उनका मेडिकल प्रार्थना पत्र पेश किया गया, जिसके बाद कोर्ट ने मामले की सुनवाई में अगली तिथि पांच दिसम्बर तय कर दी।

### बाइक सवारों ने की बारहवीं के छात्र की गोली मारकर हत्या

**खतौली, 2 दिसंबर (बु.)।** रतनपुरी थाना क्षेत्र के गांव लोहड्डा निवासी बारहवीं के छात्र वंश तंवर की गोली मारकर हत्या कर दी गई। गत दिवस गोली लगने के बाद घायल वंश की मेरठ में उपचार के दौरान मौत हो गई। पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज के जरिए बदमाशों की तलाश शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार गांव लोहड्डा का निवासी वंश शनिवार को अपने दोस्त के साथ बाइक से खतौली जा रहा था। बताया गया है कि जब वह गांव सरधन के प्राथमिक विद्यालय के पास पहुंचे तो पीछे से आए बाइक सवार दो बदमाशों ने उसे गोली मार दी थी। इसमें वंश गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के बाद ग्रामीणों ने कक्षा 12 के घायल छात्र वंश को अस्पताल पहुंचाया था। उसकी हालत गंभीर होने पर परिजन उसे उपचार के लिए मेरठ ले गए थे। वहां उपचार के दौरान सोमवार सुबह अस्पताल में वंश की मौत हो गई। वंश अपने परिवार का इकलौता चिराग था। उसके पिता संजय मनोरोगी बताए गए हैं। वह सठेडी गांव के स्कूल में कक्षा बारह का छात्र था। पुलिस के अनुसार उसका या परिवार का किसी के साथ कोई विवाद नहीं था। पुलिस के अनुसार परिवार वालों ने अभी तक इस संबंध में कोई तहरीर नहीं दी है। उसकी मौत की सूचना के बाद पुलिस ने इस मामले में जानलेवा हमला करने का मुकदमा हत्या की धारा में तरमीम करने की कार्रवाई शुरू की है।



## आठ साल तक पढ़ा 'कलमा', तब जाकर पता लगा धोखेबाज है उसका 'बलमा'

**मुजफ्फरनगर, 2 दिसम्बर (बु.)।** मुजफ्फरनगर की साकेत कॉलोनी की रहने वाली सोनम (काल्पनिक नाम) का आठ साल बाद इश्क का भूत उतरा तो वह अपने बालिग होने जा रहे बच्चों को लेकर एसएसपी कार्यालय पहुंच गयी और खुलकर अपने धर्म परिवर्तन और इसके बाद हो रहे अत्याचारों की कहानी बयां की। दरअसल साकेत कॉलोनी की रहने वाली सोनम के पति की मौत वर्ष 2014 में हो गयी थी, जिसके बाद वह किसी तरह वसीम अहमद पुत्र खलील अहमद निवासी मौहल्ला काजियान, थाना पुरकाजी के प्रेमजाल में फंस गयी। वसीम प्रेमजाल में फंसाकर उसे अपने घर पुरकाजी ही ले गया और आठ साल तक प्रेम का झांसा देकर उसका शारीरिक शोषण करता रहा। सोनम भी वसीम के प्रेम में ऐसी अंधी हुई कि उसने अपना नाम सोनम (काल्पनिक नाम) से आयशा रख लिया और सोनम के अनुसार वसीम ने उसका धर्म भी परिवर्तन कराया और उसकी बेटी रिमझिम (काल्पनिक नाम) का नाम आलिया तथा उसका एक पुत्र आयान (काल्पनिक नाम) भी उसके साथ ही रहा। सोमवार को तंग आकर सोनम बनी आयशा अपने बच्चों के साथ एसएसपी कार्यालय पहुंची तो उसने अपनी पूरी व्यथा बताई। उसने बताया कि पुरकाजी ले जाने के बाद कुछ दिन वसीम बेशक ठीक रहा हो, मगर उसके बाद उससे कलमा पढ़वाया और न पढ़ने पर मारपीट की। जब मीडिया ने यह सवाल पूछा कि वह आठ साल तक उसके चंगुल से छूटकर क्यों नहीं आई, तो सोनम व उसके बच्चों ने बताया कि वसीम के परिवार के लोग उन्हें घर से बाहर कदम भी नहीं रखने देते थे। सोनम का आरोप है कि वसीम ने उसे झांसे में लेकर साकेत कॉलोनी स्थित उसका 18 लाख रुपये की कीमत का व दूसरा मकान जोकि गांव रुकनपुर में स्थित है को 6 लाख रुपये में विक्रय कर दोनों मकानों के 24 लाख रुपये खुद ही हड़प लिये। इसी के साथ-साथ सोनम ने आरोप लगाया कि वसीम उससे अनैतिक धंधा भी कराना चाहता था। जब वह इसके लिए तैयार नहीं हुई तो उससे जबरन मारपीट कर वसीम के भाईयों नसीम, सलीम, शमीम ने आयशा के साथ बलात्कार भी किया। विरोध करने पर शमीम की पत्नी नूर फातिमा, नसीम की पत्नी दिलशाना व सलीम की पत्नी शहनाज ने उसके साथ मारपीट की व बच्चों को जान



से मारने की धमकी दी। सोनम ने यह भी बताया कि उसके साथ मारपीट के बाद जब वह पुरकाजी थाने पहुंची तो थाने के लोगों ने उसकी रिपोर्ट दर्ज नहीं की, ऐसे में वह मजबूर होकर उसे वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के पास अपनी गुहार लेकर आना पड़ा। फिलहाल उसका प्रार्थना पत्र लेकर कार्यवाही का आश्वासन दिया गया।

### एनसीआर में वायु प्रदूषण से निपटने के लिए लागू प्रतिबंधों में ढील देने से सुप्रीम कोर्ट का इनकार

**नयी दिल्ली, 02 दिसंबर (वार्ता)** उच्चतम न्यायालय ने राष्ट्रीय राजधानी प्रक्षेत्र में वायु प्रदूषण से निपटने के लिए लागू प्रतिबंधों में ढील देने से इनकार करते हुए सोमवार को कहा कि संबंधित आंकड़ों की समीक्षा के बाद वह 05 दिसंबर को किसी प्रकार की छूट देने पर विचार करेगा। न्यायमूर्ति अभय एस ओका और न्यायमूर्ति ऑगस्टीन जॉर्ज मसीह की पीठ ने वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग की ओर से पेश अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल ऐश्वर्या भाटी की ढील देने की गुहार अस्वीकार करते हुए कहा कि वायु प्रदूषण से निपटने के लिए दिल्ली में लगाए गए ग्रेडेड एक्शन रिस्पांस प्लान स्टेज-4 के तहत तमाम प्रतिबंध लागू रहेंगे। पीठ ने अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल की मांग खारिज करते हुए कहा, ''वायु गुणवत्ता सूचकांक स्थिर नहीं है। इसमें वृद्धि हुई है। हम आपके सुझावों पर गौर करेंगे, लेकिन आज हम ढील देने की अनुमति नहीं दे सकते।'' शीर्ष अदालत ने कहा कि वह वायु गुणवत्ता सूचकांक में गिरावट के रुझानों का विश्लेषण करने के बाद सीएक्यूएम द्वारा प्रस्तावित ढील पर गुरुवार को कोई फैसला लेगी।

## पीएम नरेन्द्र मोदी ने केंद्रीय मंत्रियों के साथ देखी 'द साबरमती रिपोर्ट'

**नई दिल्ली, 2 दिसंबर (एजेंसी)।** सोमवार को पीएम नरेंद्र मोदी ने संसद के बालयोगी ऑडिटोरियम में फिल्म ह्यद साबरमती रिपोर्टह्न देखी। यहां मेकर्स ने फिल्म की स्पेशल स्क्रीनिंग आयोजित की थी। इस स्क्रीनिंग में गृह मंत्री अमित शाह, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह समेत कई मंत्री और सांसद भी पहुंचे। इस विशेष अवसर पर फिल्म की स्टार कास्ट से विक्रांत मैसी, राशि खन्ना, रिद्दी डोगरा समेत मेकर्स भी मौजूद रहे। स्क्रीनिंग में पीएम मोदी के अलावा मनोहर लाल, जीतन राम मांझी, नितिन गडकरी, राजनाथ सिंह, अमित शाह, जेपी नड्डा और मनसुख मांडविया जैसे राजनेता भी मौजूद रहे। पीएम मोदी ने एक्स अकाउंट पर फिल्म की स्क्रीनिंग की झलकियां साझा कीं। कुछ तस्वीरें साझा करते हुए पीएम मोदी ने कैप्शन



में लिखा, 'द साबरमती रिपोर्ट' की स्क्रीनिंग में एनडीए के साथी सांसदों के साथ शामिल हुआ। मैं फिल्म के निमार्ताओं के प्रयासों की सराहना करता हूं।' वहीं, पीएम मोदी के साथ बैठकर फिल्म देखने पर एक्टर विक्रांत मैसी ने भी खुशी जाहिर की।

## जूठे बर्तन साफ करेंगे सुखबीर सिंह बादल : अकाल तख्त का हुक्म

**अमृतसर, 2 दिसंबर (एजेंसी)।** पूर्व शिअद-भाजपा सरकार के दौरान उप मुख्यमंत्री रहे सुखबीर बादल समेत 17 अकाली मंत्रियों के खिलाफ श्री अकाल तख्त साहिब ने सोमवार को धार्मिक सजा का एलान किया। श्री अकाल तख्त साहिब के जत्थेदार ज्ञानी रघुबीर सिंह ने हजारों लोगों की मौजूदगी में अकाल तख्त की गैलरी से पढ़ कर सजा सुनाई। यह सजा सिरसा स्थित डेरा सच्चा सौदा के प्रमुख संत गुरमीत राम रहीम को माफी दिलाने, श्री गुरु ग्रंथ साहिब की बेअदबी और सिख युवाओं की हत्या करवाने वाले पुलिस अधिकारियों को उच्च पदों पर आसीन करने समेत कई पंथक गलतियों के लिए सुनाई गई। अकाल तख्त साहिब पर हुई पांच तख्तों के जत्थेदारों की बैठक के बाद एक-एक कर सजा का एलान किया गया। इस दौरान सुखबीर बादल पांव में चोट लगी होने के कारण व्हील चेयर पर बैठकर अकाल तख्त साहिब के समक्ष पेश हुए। इस दौरान जत्थेदार ज्ञानी रघबीर सिंह ने सुखबीर बादल व पूर्व मंत्री सुखदेव सिंह ढींडसा को श्री दरबार साहिब के बाहर घंटाघर प्रवेश द्वार के समक्ष दो दिन के लिए एक-एक घंटा सेवादार की पोशाक पहन बरछा हाथ में लेकर सुबह नौ से दस बजे तक बैठना होगा। इस दौरान उन्हें अपने गले में अकाल तख्त की ओर से दी गई तख्ती भी पहननी होगी। इसके अलावा उन्हें तख्त श्री केसगढ़ साहिब, तख्त श्री दमदमा साहिब, गुरुद्वारा मुक्तसर साहिब, गुरुद्वारा फतेहगढ़ साहिब में एक-एक घंटा संगत के बर्तन व जूते साफ करने होंगे। इन गुरुद्वारों में उन्हें एक-एक घंटे तक कीर्तन का श्रवण भी करना होगा। सजा पूरी होने के बाद उन्हें श्री अकाल तख्त साहिब पर पेश होकर 11 हजार रुपये की कड़ाह प्रसाद की देग और 11 हजार रुपये गुरु की गोलक में डालने की हिदायत दी गई है।



## गंगनहर पटरी पर अज्ञात व्यक्ति का शव मिलने से सनसनी

**भोपा, 02 दिसम्बर (बु.)।** सोमवार सुबह को गंगनहर पटरी के पास एक अज्ञात व्यक्ति का शव पड़े होने की पुलिस को सूचना मिली। आनन-फानन में पुलिस मौके पर पहुंचकर मामले की छानबीन कर शव की शिनाख्त करने का प्रयास किया, लेकिन कोई कामयाबी पुलिस के हाथ नहीं लगी, जिसके चलते पुलिस ने शव का पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया है। आपको बता दें कि भोपा थाना क्षेत्र स्थित गंगनहर पटरी के पास सोमवार सुबह एक लगभग 40-45 वर्षीय अज्ञात व्यक्ति का शव पड़े होने की पुलिस को सूचना मिली थी, जिसके चलते पुलिस ने मौके पर पहुंचकर पहले तो मृतक व्यक्ति के शव की जांच-पड़ताल करते हुए शिनाख्त करने का





प्रयास किया, लेकिन शिनाख्त ना होने के चलते पुलिस ने शव का पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया है। इंस्पेक्टर विजय सिंह ने बताया कि मृतक की मौत का कारण अभी स्पष्ट नहीं है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही साफ हो पाएगा। अब पुलिस जनपद से मिसिंग हुए लोगों से शव की शिनाख्त करने का प्रयास कर रही है।

## आज का इतिहास

**नई दिल्ली, 02 दिसंबर (वार्ता)।** भारतीय और विश्व के इतिहास में 03 दिसंबर की प्रमुख घटनाएं इस प्रकार हैः- 1790-लॉर्ड कार्नवालिस ने आपराधिक मामले मुर्शीदाबाद के नवाब से छीनकर अपने हाथ में ले लिए। 1796-बाजीराव द्वितीय को मराठा साम्राज्य का पेशवा बनाया गया। वह मराठा साम्राज्य के अंतिम पेशवा थे। 1828-एंड्रयू जैक्सन अमेरिका के सातवें राष्ट्रपति चुने गए। 1829-वायसराय लॉर्ड विलियम बेंटिक ने भारत में सती प्रथा पर रोक लगायी। 1882-प्रसिद्ध चित्रकार एवं संविधान की मूल कृति के डिजाइनर नन्दलाल बोस का जन्म। 1884 भारत के प्रथम राष्ट्रपति डॉ. राजेंद्र प्रसाद का जन्म। 1889-खुदीराम बोस का जन्म। 1910-फ्रांसीसी भौतिकशास्त्री जॉर्जेज क्लाउड द्वारा विकसित विश्व के पहले नियोन लैम्प का पहली बार पेरिस के मोटर शो में प्रदर्शन। 1912-तुर्की, बुल्गारिया, सर्बिया, यूनान और मोंटेंगरो ने युद्धविरान समझौता किया। 1937-भारतीय भाषाविद् विनोद बिहारी वर्मा का जन्म। 1948 पूर्वी चीन सागर में चीनी शरणार्थी को ले जा रहे जहाज कियांग्या में विस्फोट होने से 1,100 लोगों की मौत। 1967-भारत के पहले रॉकेट (रोहिणी आर एच 75) का थुम्बा से प्रक्षेपण किया गया। 1971- भारत और पाकिस्तान में युद्ध शुरू होने के बाद देश में आपातकाल लागू हुआ। 1979-हॉकी के जादूगर ध्यानचंद का निधन। 1982-भारतीय महिला क्रिकेट टीम की पूर्व कप्तान मिताली राज का जन्म। 1984-भोपाल में यूनियन कार्बाइड संयंत्र से जहरीली गैस के रिसाव से कम से कम तीन हजार लोगों की मौत और कई हजार व्यक्ति शारीरिक विकृति के शिकार हो गए। 1989-रूस के राष्ट्रपति मिखाइल गोबांचेव और अमेरिकी राष्ट्रपति जॉर्ज बुश ने शीत युद्ध खत्म होने की घोषणा की। 1992-संयुक्त राष्ट्र महासभा के प्रस्ताव 47/3 के तहत अंतरराष्ट्रीय विकलांग दिवस मनाना शुरू किया गया। 2004-भारत और पाकिस्तान 40 वर्षों के बाद मुनाबाव और खोखरापा के बीच रेल संपर्क फिर से बहाल करने के लिए सहमत हुए। 2011-फिल्म अभिनेता देव मानंद का निधन। 2012-फिलीपींस में 'बोफा' तूफान से करीब 475 लोगों की मौत।

## मुजफ्फरनगर मंडी

**मुजफ्फरनगर, 02 दिसम्बर, (बु.)।** गुड़-शक्कर के भाव इस प्रकार रहेः- ढैया 1425, रसकट ढैया 1110-1170, चाकू 1280-1482, लड्डू 1380-1415, खुरपापाड़ 1280-1300, शक्कर मसाला 1410-1425। आमद- 8000 मन।

## सर्राफा बाजार

**मुजफ्फरनगर, 03 दिसम्बर, (बु.)।** मुजफ्फरनगर सर्राफा बाजार के भाव इस प्रकार रहेः-

| | | | |
|---|---|---|---|
| सोना- | 78150 | चांदी- | 91000 |
| सिक्का- | 10500 | गिन्नी- | 58465 |

## आपका आज का राशिफल

**मंगलवार, 03 दिसम्बर, 2024**

**मेष-** ग्रहस्थिति अनुकूल, विचारित योजना का कार्यान्वयन, धन लाभ का सुअवसर, दाम्पत्य जीवन संतोषजनक, प्रेम संबंध में अत्यधिक प्रगाढ़ता।

**वृषभ-** मनोबल में कमी, सामयिक सिद्धि का प्रयास असफल, दूसरों की गलतफहमी से हानि की आशंका, विवाद की स्थिति, धनोपार्जन में व्यवधान।

**मिथुन-** दिन शुभ, पारिवारिक उलझनें समाप्त, व्यवसाय में परिश्रम के अनुरूप सफलता, उच्चाधिकारियों से सहयोग, अध्यावसाय में रुझान, यात्रा सफल।

**कर्क-** वाक्पटुता से संकल्प सिद्धि, इच्छाशक्ति का विकास, सामाजिक कृत्यों से यश की प्राप्ति, जिम्मेदारियों को निभाने में व्यय, पारिवारिक कठिनाइयों में कमी।

**सिंह-** भाग्योन्नति के नवीन आयाम, धन संचय में प्रवृत्ति, उन्नति का मार्ग प्रशस्त, जीवनसाथी से सहयोग, किसी उत्सव में सम्मिलित होने का सुअवसर प्राप्त।

**कन्या-** कार्यों में व्यतिक्रम, सुख शांति का अभाव, लाभ में गतिरोध, किये जा रहे प्रयास में व्यवधान, मित्रों से तकरार की आशंका, पदोन्नति में बाधा।

**तुला-** आर्थिक पक्ष में परिश्रम के अनुकूल सफलता, वरिष्ठजनों की सलाह लाभप्रद, पठन-पाठन में रुचि, आमोद-प्रमोद के साधन सुलभ, यात्रा सुखद।

**वृश्चिक-** कार्य-व्यवसाय में उन्नति का सुयोग, मित्रों से अपेक्षित सहयोग, मंगल आयोजन सम्पन्न, पारिवाकि उत्तरदायित्व की पूर्ति, राजनीतिक लाभ।

**धनु-** विचारित योजना का कार्यान्वयन, बकाए धन की प्राप्ति, श्रेष्ठजनों से सम्पर्क, राजनैतिक गतिविधियों में अभिरुचि, मंगल आयोजन सम्पादित, यात्रा सुखद।

**मकर-** भाग्योदय का मार्ग अवरुद्ध, महत्वपूर्ण उपलब्धि में विलम्ब, आर्थिक नुकसान, सब कुछ होते हुए भी अकेलेपन की अनुभूति, वैचारिक स्थिरता।

**कुम्भ-** बुद्धि चातुर्य से कुछेक मसला हल, पारिवारिक हर्षोल्लास, धन संचय में रुचि, आत्मिक शांति, आनन्द की अनुभूति, मनो-विनोद के सुअवसर प्राप्त।

**मीन-** कार्य-व्यवसाय अर्थ पक्ष में लाभ, योजना साकार होने की ओर, राजकीय पक्ष से अनुकूलता, दूर या समीप की यात्रा का प्रसंग, राजनैतिक कृत्यों में संलग्न।

विमल जैन, हस्तरेखा विशेषज्ञ, रत्न परामर्शदाता, फलित अंक व ज्योतिषी एवं वास्तुविद्, एस-2/1-76,ए, वर्धन भवन, द्वितीय तल, आकांक्षा हॉस्पिटल के पास, टैगोर टाऊन एक्सटेंशन (महावीर मंदिर टू यू.पी. कालिज रोड) भोजूबीर, वाराणसी-221002 मोबाइल 9335414722

# शाहपुर में भाजपा का संगठन पर्व कार्यक्रम आयोजित

## संगठन का हित ही हमेशा सर्वोपरि है और रहेगाः संजय अग्रवाल
## संगठन बल पर आज भाजपा की सरकारें हैंः श्याम पाल भाई जी




**शाहपुर, 02 दिसम्बर (बु.)।** भाजपा के सांगठनिक चुनाव को लेकर आयोजित संगठन पर्व कार्यक्रम को शाहपुर क्षेत्र के चुनाव प्रभारी संजय अग्रवाल ने कहा कि संगठन सर्वोपरि है और संगठन में निष्ठावान एवं सक्रिय कार्यकर्ताओं को ही स्थान दिया जाएगा। जेबी नेता स्वीकार नहीं होगा। कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए नगर के सरस्वती स्कूल में आयोजित भाजपा के सभी प्रकोष्ठों एवं मंडल अध्यक्षों पूर्व मंडल अध्यक्षों की आयोजित चुनावी कार्यशाला में सोमवार को वरिष्ठ भाजपा नेता एवं शाहपुर के चुनाव अधिकारी संजय अग्रवाल ने कहा कि भाजपा के पास बूथ स्तर तक के कार्यकर्ता हैं। वरिष्ठ भाजपा नेता श्याम पाल सिंघल भाई जी ने कहा कि संगठन में ही शक्ति है, संगठन के बल पर ही आज भाजपा देश व प्रदेश के अलावा दो दर्जनों प्रदेश में सत्तासीन है। इस दौरान पूर्व विधायक उमेश मलिक, श्रीकांत त्यागी भी मौजूद रहे। उन्होंने बताया कि एक दिसंबर से लेकर 15 दिसंबर तक मंडल अध्यक्षों के चुनाव होने हैं और 15 दिसंबर से लेकर 30 दिसंबर तक जिलाध्यक्षों के चुनाव होने हैं। आज इसी कड़ी में यह शाहपुर मंडल की कार्यशाला थी। बैठक में मंडल अध्यक्ष डॉ. मनीष त्यागी मंडल अध्यक्ष, अमित त्यागी पूर्व प्रधान, मोनू सैनी प्रधान पलड़ी, कुलदीप त्यागी डॉ. अरविंद त्यागी पूर्व चैयरमैन परमेश सैनी, मौजपाल सैनी मंडल महामंत्री, नवदीप मित्तल महामंत्री आदि मौजूद रहे।

# एसडी कॉमर्स में हनी मिस्टर और खुशी मिस फ्रेशर बने




**मुजफ्फरनगर, 02 दिसम्बर (बु.)।** एसडी कॉलेज ऑफ कॉमर्स के प्रांगण में बीए पाठ्यक्रम में नवागंतुक छात्र-छात्राओं के लिए फ्रेशर पार्टी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ मुख्य अतिथि प्राचार्य डॉ. सचिन गोयल, एकता मित्तल (विभागाध्यक्षा) मानविकी संकाय आदि के द्वारा माँ सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्जवलित करके संयुक्त रूप से किया गया। कार्यक्रम में छात्र -छात्राओं द्वारा विभिन्न मनोरंजा प्रस्तुतियाँ की गयी, जिनमे सोलो व ग्रुप डांस, भांगड़ा, क्लासिक डांस, शामिल रहे। सिमरन, प्राची, अंशिका, अरूण, शगुन, हिमानी, हिमांशी, खुशी, वंशिका, शाहे हसीन, फरहाना, देवांश, अनुज राठी, सारांश चौधरी, अभिषेक, विकास, सलोनी, समर्थ, आयुषी, शाजिया, सरगम व रय्या आदि ने अनेक प्रस्तुतियां दी। निर्णायक की भूमिका डॉ. श्वेता सिंघल व सपना चौहान रही। निर्णायक मंडल के अनुसार हनी बालियान मिस्टर फ्रेशर तथा खुशी को मिस फ्रेशर व हर्ष वर्मा को मिस्टर चार्मिंग एवं रिया गोयल को मिस चार्मिंग घोषित किया गया। प्राचार्य डॉ. सचिन गोयल ने कहा कि इस तरह के आयोजन से सभी छात्र-छात्राओं में समाजिक भावना तथा सामांजस्य से काम करने की प्रवृति का विकास होता है। कार्यक्रम का संचालन प्रियंका जैन व गरिमा कंसल के मार्गदर्शन में गुनगुन व पाखी ने किया। मानविकी विभाग से सपना चौहान, सोहन लाल, वीरेन्द्र कुमार, नीरज कुमार, डॉ. योगिता पुण्डीर, गरिमा कंसल, श्वेता सिंघल, प्रियंका जैन, प्रतीक्षा तोमर, कमर रजा, कृष्ण कुमार, संकेत जैन ने सहयोग किया एवं सभी छात्र-छात्राओं का उत्साहवर्धन किया।

# एसडीएम ने रेप पीड़िता के परिवार को सुरक्षा का दिया भरोसा



**बुढ़ाना, 02 दिसम्बर (बु.)।** एसडीएम राजकुमार भारती और सीओ गजेंद्र पाल सिंह की कश्यप समाज के चौधरी डॉ. सोनू कश्यप से डाक बंगले पर घंटों तक हुई वार्ता के बाद कश्यप समाज का बुढ़ाना पुलिस के खिलाफ आज शुरू होने वाला धरना स्थगित हो गया।
आरोप था कि बुढ़ाना कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक आनंद देव मिश्र की डॉ. सोनू कश्यप से फोन पर रेप की घटना की बाबत जो बातचीत हुई थी उससे डॉ. सोनू कश्यप संतुष्ट नहीं थे और कहा था कि कोतवाल साहब ने फोन पर बातचीत के दौरान अभद्र व्यवहार किया है। बस इसी बात को लेकर कश्यप समाज 2 दिसम्बर को तहसील परिसर में धरना देने वाला था मगर सीओ व एसडीएम के प्रयास से मामला निपट गया। यहां कश्यप समाज के लोगों ने दोनों अधिकारियों से मांग की कि एक तो रेप पीड़िता के परिवार को सुरक्षा दी जाए क्योंकि जेल भेजे गये आरोपियों के परिजन हत्या की धमकी दे रहे हैं। रेप केस की जो चार्जशीट है वो जल्द कोर्ट में दाखिल हो। कश्यप समाज के पीड़ित व्यक्ति को धमकाया ना जाए। जिस पर एसडीएम ने कश्यप समाज के लोगों को आश्वस्त किया और कहा कि उनकी यह सभी मांगें जायज हैं। इस पर आज से ही काम शुरू होगा। यहां महर्षि कश्यप एकता संगठन सुप्रीमो मास्टर सुशील कश्यप, प्रवेश प्रधान हडौली, ओमप्रकाश कश्यप, मास्टर चुन्नू लाल कश्यप, प्रदीप कश्यप, चंद्रभान कश्यप, लोकेंद्र कश्यप, एसएसआई ललित शर्मा, कस्बा इंचार्ज ललित कसाना और सब इंस्पेक्टर निधि शर्मा आदि पुलिसकर्मी उपस्थित रहे।

# शाहपुर में पूर्व विधायक उमेश मलिक के नेतृत्व में भाजपाइयों ने देखी गोधरा कांड पर बनी साबरमती रिपोर्ट

**शाहपुर, 02 दिसम्बर (बु.)। पूर्व भाजपा विधायक एवं क्रांतिकारी हिंदू नेता उमेश मलिक द्वारा सोमवार को मंगलापुरी मंडी धर्मशाला में भाजपा कार्यकर्ताओं को गोधरा कांड पर आधारित साबरमती रिपोर्ट फिल्म बड़े पर्दे पर दिखाई गई। वर्ष 2002 में राम भक्तों से भरी ट्रेन को गोधरा में जला दिए जाने की घटना का इस पिक्चर में मार्मिक वर्णन किया गया है। पिक्चर का शुभारंभ फीता काटकर वरिष्ठ भाजपा नेता श्याम पाल सिंघल भाई जी ने फीता**



**काट कर किया। इस दौरान पूर्व चैयरमैन परमेश सैनी, पूर्व विधायक उमेश मलिक आदि के साथ-साथ मंडल अध्यक्ष डा मुनीष त्यागी,पूर्व भाजपा नगर अध्यक्ष अरुण मित्तल, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ नेता मणिकांत मित्तल, डॉ. कुलदीप त्यागी प्रधान, मोनू सैनी प्रधान पलडी, मास्टर विक्रम सिंह, पूर्व विधायक प्रतिनिधि रूपेश पंवार, भाजपा नेता अनिल बंसल आढ़ती, भाजपा नेत्री डॉ. कविता सैनी, पूर्व सभासद उमेश गोयल, संजय सोदाई आदि मौजूद रहे।**

# पालिका में सफाई कर्मचारी संघ का चुनाव कराने की उठी मांग



**मुजफ्फरनगर, 02 दिसम्बर (बु.)।** सफाई कर्मचारी संघ नगर पालिका परिषद की कार्यकारिणी का चुनाव कराने की मांग को लेकर सोमवार को संघ के पूर्व पदाधिकारियों ने पालिका सफाई कर्मचारियों के साथ में ईओ से मिलकर चुनाव कार्यक्रम घोषित कराने की मांग की। सफाई कर्मचारी संघ के पूर्व अध्यक्ष राजेश उटवाल वाल्मिकी व महामंत्री मदन लाल के साथ अन्य सफाई कर्मचारी सोमवार को टाउनहाल पहुंचे और उन्होंने पालिका ईओ डॉ. प्रज्ञा सिंह को एक ज्ञापन सौंपा। इस ज्ञापन में उन्होंने कहा कि सफाई कर्मचारी संघ की द्विवार्षिक कार्यकारिणी का चुनाव 18 नवम्बर 2022 को हुआ था। यह कार्यकारिणी पूर्ण हो चुकी है। ऐसे में अब फिर नवीन कार्यकारिणी का गठन किये जाने के लिए चुनाव होना आवश्यक है। वहीं यह चुनाव कर्मचारियों के हितों के लिए भी जरूरी है। ऐसे में शीघ्र ही यूनियन की कार्यकारिणी का गठन करने के लिए नगरपालिका परिषद में चुनाव कराया जाये। उन्होंने ईओ से यह चुनाव कार्यक्रम मात्र एक सप्ताह का ही घोषित करने का आग्रह किया, ताकि पालिका क्षेत्र में सफाई व्यवस्था व दूसरे कार्यों पर भी इसका प्रभाव न पड़ सके। मुख्य रूप से राजेश उटवाल के साथ ही राजकुमार, मदन लाल, दीपक गहलौत, दीपक कुमार, दर्शन लाल, सुनील कुमार, शिवा एवं वीरेन्द्र आदि सफाई कर्मचारी मौजूद रहे।

## पहले दी गालियां, रोका तो हमलावर युवकों ने कर डाली पिटाई

**मीरापुर, 2 दिसम्बर (बु.)।** क्षेत्र के गांव चमनपुरी निवासी शुभम शर्मा पुत्र कुलवेंदर ने थाने में तहरीर देते हुए बताया कि सोमवार की शाम वह ट्रैक्टर ट्रॉली से मीरापुर टैंट का सामान छोड़कर अपने साथियों सोनू, शिवा, परविन्द्र के साथ वापस गांव लौट रहा था। इस दौरान जैसे ही ये गांव सिकरेड़ा में पहुंचे, तभी गांव शिवपुरी निवासी सुमित व राहुल अपने कई साथियों के साथ वहाँ आये और इनकी ट्रैक्टर ट्रॉली के सामने अपनी बाइकें लगाकर गाली-गलौच करते हुए मारपीट शुरू कर दी, जैसे ही ग्रामीण इन्हें बचाने आये, तो आरोपी फरार हो गए।

## ससुरालियों ने दामाद के साथ की मारपीट

**मीरापुर, 2 दिसम्बर (बु.)।** मीरापुर के मौहल्ला नई बस्ती निवासी बाबर पुत्र शौकत ने थाने में तहरीर देते हुए बताया कि उसका अपनी पत्नी के मामूली कहासुनी के बाद विवाद हो गया था, जिस पर उसकी पत्नी ने फोन कर अपने मायके वालों को बुला लिया। आरोप है कि पत्नी के फोन पर आए उसके मायके वालों ने बाबर के साथ मारपीट की तथा फरार हो गए।

# एसडी मैनेजमेन्ट में चिल एण्ड थ्रिल में मचाया धमाल



**मुजफ्फरनगर, 02 दिसम्बर (बु.)।** एसडी कॉलेज ऑफ मैनेजमेन्ट स्टूडीज में नवागन्तुक एमसीए विभाग के छात्र-छात्राओं के लिए फ्रेशर पार्टी चिल एण्ड थ्रिल का शुभारम्भ कॉलेज प्राचार्य डॉ. आलोक कुमार गुप्ता व डॉ. सन्दीप मित्तल एवं विभाग के सभी शिक्षकगणों ने मां सरस्वती के समक्ष श्रृद्धा के पुष्प अर्पित कर व दीप प्रज्ज्वलित करने के पश्चात केक काटकर किया।
प्राचार्य डॉ. आलोक कुमार गुप्ता ने बताया कि कॉलेज में हम बुद्धिजीवी दिमाग में विश्वास करते हैं ताकि उनकी बौद्धिक क्षमता में सुधार व मजबूत चरित्र निर्माण कर सभी छात्रों को प्रेरणा दी जा सके। इसके अतिरिक्त हम सामाजिक मूल्यों और व्यक्तिगत उत्कृष्टता के सिद्धांतों को विकसित करने का प्रयास करते हैं। अंत में उन्होंने सभी छात्र/छात्राओं को आगे आने वाली अपनी अकादमिक यात्रा और आने वाले समय के लिए शुभकामनाएं दी। संचालन एमसीए प्रवक्ता प्रशान्त तोमर व अन्नु त्यागी द्वारा सफलतापूर्वक किया गया।
उन्होंने बताया कि ऐसे कार्यक्रमों से बच्चों मे साथ काम करने व आपसी सहयोग की भावना उत्पन्न होती है। एकंरिग मीनाक्षी व वैष्णवी द्वारा की गयी एवं कार्यक्रम के बीच-बीच मे पजल गेम कराये गये, जिसमें सरप्राइज गिफ्ट दिये गये। कार्यक्रम की शुरूआत गणेश वन्दना छात्रा वृन्दा द्वारा की गयी व गणपति बप्पा की महिमा का वर्णन छात्र निरतिशय ने अपने नृत्य के माध्यम द्वारा भव्य प्रस्तुती देकर किया। एमसीए से मैथाली व श्रेया छात्राओं द्वारा डांस प्रस्तुत किया, प्राची व विवेक ने सोलो और मीनाक्षी, वृन्दा, वैष्णवी, नन्दनी, पलक, दीपाक्षी, हैदर आदि ने सुन्दर डांस प्रस्तुत किये। निर्णायक मण्डल में रितू मित्तल, डॉ. विभूति शर्मा, पारूल कुमार, महिमा मंगल, आस्था सिंघल, डॉ. अनम जैद रहे। मि. चिल निरतिशय व मिस चिल प्राची तथा द्वितीय वर्ष से मि. स्पार्कल विवेक व मिस स्पार्कल मीनाक्षी का चयन किया। जितेन्द्र कुमार, अंकुर अग्रवाल, आशीष आहुजा, अंकित कुमार, देवेश गुप्ता, आदित्य कश्यप, तुषार भारद्वाज, राजीव कुमार, वरूण कुमार, संदीप गर्ग, रश्मि कौशिक, अन्जना शर्मा, अनुराग सैनी, रवि भार्गव आदि मौजूद रहे।

## नाम परिवर्तन सूचना

मैं सूबेदार नरेन्द्र कुमार, सर्विस रिकार्ड नम्बर JC281880H, सर्वसाधारण को सूचित करता हूँ कि मेरी माताजी का नाम मेरे सर्विस रिकार्ड में KAMLESH DEVI है, जो कि गलत है। जबकि मेरी माता जी का सही नाम KAMALESH है।

सूबेदार नरेन्द्र कुमार
निवासी- मनव्वरपुर कलाँ
पोस्ट- मंसूरपुर, जिला- मुजफ्फरनगर

## खोया सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरी एम.जी. पब्लिक स्कूल से जारी वर्ष 2022 की कक्षा-12 की पास (उत्तीर्ण) की टी.सी. (ट्रान्सफर सर्टीफिकेट) वास्तव में कहीं खो गई है।

शिवम वर्मा पुत्र राजेश वर्मा
199, कृष्णापुरी, मुजफ्फरनगर

# श्रीराम कॉलेज में विद्यार्थियों ने गेट टूगेदर पार्टी में की धूम




**मुजफ्फरनगर, 02 दिसम्बर (बु.)।** श्रीराम कॉलेज के ललित कला संकाय में गेट टूगेदर पार्टी (फ्रेशर एवं फेयरवेल) का आयोजन किया गया, जिसमें बीएफए एवं एमएफए प्रथम वर्ष के विद्यार्थियों का स्वागत तथा बीएफए अन्तिम वर्ष एवं एमएफए अन्तिम वर्ष के विद्यार्थियों को विदाई दी। कार्यक्रम की शुरूआत मुख्य अतिथि श्रीराम ग्रुप ऑफ कॉलेजेज के चेयरमैन डॉ. एससी कुलश्रेष्ठ ने दीप प्रज्जवलित कर की। विशिष्ट अतिथि श्रीराम कॉलेज के निदेशक डॉ. अशोक कुमार, तथा श्रीराम कॉलेज की प्राचार्या डॉ. प्रेरणा मित्तल रही। सांस्कृतिक कार्यक्रम की कड़ी में प्रथम वर्ष के विद्यार्थियों अक्षरा, कृष्णा, मानसी देवी, काजल, पलक, नेहा, प्रियांशी, अलिना, महिमा, द्वितीय वर्ष रचना, तृतीय वर्ष तनिशा, श्रुति त्यागी, एमएफए मुक्ता सैनी द्वारा युगल नृत्य, इसी प्रकार सामूहिक नृत्य में वेस्टर्न ग्रुप की विद्यार्थियों प्रथम वर्ष मीनाक्षी, मानसी देवी, काजल, आराधना, अलिना, तृतीय वर्ष तनिशा पंजाबी ग्रुप में प्रथम वर्ष, मीनाक्षी, मानसी देवी, सिमरन, काजल, केमी, गीत, बॉलीवुड ग्रुप में प्रथम वर्ष वागिशा, मानसी, स्नेहा, स्वाति, प्रियांशी, नेहा, फैशन ग्रुप में तृतीय वर्ष रितेश, रिया, प्राची, साक्षी, सृष्टि, नमिन, सुहानी, मेहविश ने नृत्य कर सभा में उपस्थित सभी दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। इसी प्रकार एकल एवं युगल गायन में प्रथम वर्ष अक्षरा, तनु एवं आवेश, तृतीय वर्ष रितेश ने अपने मीठे स्वरों में गायन प्रस्तुत कर सभा में उपस्थित सभी दर्शकों को गुनगुनाने पर विवश कर दिया।
मॉडलिंग में भी विद्यार्थियों ने अपनी फैशन प्रतिभा का प्रदर्शन बखूबी रख दिया। इसके बाद बीएफए प्रथम वर्ष मिस्टर कृष्णा, मिस फ्रैशर तनु एवं एमएफए प्रथम वर्ष रनरअप हिमांशी त्यागी तथा एमएफए चतुर्थ सेमेस्टर मिस फेयरवेल सोनी श्रीवास्तव, बीएफए चतुर्थ वर्ष मिस्टर फेयरवेल रमन तथा एमएफए चतुर्थ सेमेस्टर मिस रनरअप फेयरवेल बुशरा का चुनाव किया गया। ललित कला विभाग की विभागाध्यक्षा मीनाक्षी काकरान, ललित कला विभाग के निदेशक डॉ. मनोज धीमान ने सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किया। उम्मे हानी, अलिशा, ईरम तथा अहमद ने एंकरिंग की। निर्णायक मंडल की भूमिका में रीना त्यागी व डॉ. अनु देवी रही। रजनीकान्त, बिन्नू पुंडीर, डॉ. अनु देवी, रीना त्यागी, मयंक सैनी, अजीत कुमार माना, सोनी श्रीवास्तव, सिद्धार्थ, शहजादी एवं करूणाकर शर्मा आदि का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

# जिला गन्नाधिकारी ने कांटों का किया निरीक्षण

## गन्ना यार्ड में पहुंचकर प्रबंध तंत्र को दिए पूरी तौल कराने के सख्त निर्देश



**बुढ़ाना, 02 दिसम्बर (बु.)।** सोमवार के दिन जनपद मुजफ्फरनगर के जिला अधिकारी उमेश मिश्रा के आदेश अनुसार जिला गन्ना अधिकारी संजय सिसौदिया द्वारा बजाज हिंदुस्थान शुगर मिल लिमिटेड के गेट के कांटों का औचक निरीक्षण किया गया। इस दौरान यहां पर सब कांटे सही पाए गये। उन्होंने गन्ना यार्ड का भी औचक निरीक्षण करके मिल प्रबंध तंत्र को गन्ने की तौल में पूरी पारदर्शिता बरतने के साथ ही मिल में गन्ना लेकर आने वाले किसानों को स्वच्छ जल आदि सुविधाएं उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। जिला गन्ना अधिकारी संजय सिसौदिया ने मिल गेट के इलेक्ट्रॉनिक कांटों का बांट रखवाकर निरीक्षण करने के अलावा किसानों से तौल से संतुष्ट होने या ना होने के संबंध में भी जानकारी ली। मौके पर मौजूद किसानों ने मिल गेट कांटों पर तौल सही प्रकार से होने की जानकारी जिला गन्ना अधिकारी को दी तो वे भी संतुष्ट नजर आए। इस दौरान यहां पर बुढ़ाना उप जिला अधिकारी राजकुमार भारती, गन्ना समिति बुढ़ाना के सचिव ब्रजेश राय और बाट माप निरीक्षक अनिल चौहान, मिल के वरिष्ठ गन्ना महाप्रबंधक ललित तोमर, भूपेन्द्र दीक्षित, डॉ. विकास बालियान और गेट इंचार्ज अनिल कुमार समेत अन्य गन्ना अधिकारियों की उपस्थिति देखने को मिली।

# कार्यालय नगर पालिका परिषद, मुजफ्फरनगर

पत्रांकः- /सा0प्र0/2024-25 दिनांकः- / /2024

## अति-अल्पकालीन (ऑफलाईन) निविदा सूचना

नगर पालिका परिषद, मुजफ्फरनगर के वाटिका विभाग द्वारा नगर क्षेत्र के विभिन्न स्थानों पर ठण्ड से बचाव हेतु अलाव की व्यवस्था किये जाने के लिए सूखी लकड़ी की आपूर्ति लिये जाने हेतु अति- अल्पकालीन (ऑफलाईन) निविदा दिनांक 11/12/2024 की अपराहन 03:00 बजे तक आमन्त्रित की जाती है इस कार्य को अनुभवी ठेकेदार/ सप्लायर्स निविदा के साथ व्ययानुमान की 10 प्रतिशत धरोहर धनराशि एफ0डी0आर0/एन0एस0सी0 आदि के रूप में जो अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद, मुजफ्फरनगर के नाम बन्धक होगी, जमा कराया जाना आवश्यक है। निविदा प्रपत्र एक दिन पूर्व प्रातः 10:00 बजे से अपराहन 03:00 बजे तक निर्धारित मूल्य के साथ जमा कर कार्यालय नगर पालिका परिषद, मुजफ्फरनगर के रिकॉर्ड रूम से क्रय किये जा सकते है। अन्य विवरण एवं शर्तें किसी भी कार्य दिवस में नगर पालिका परिषद, मुजफ्फरनगर के रिकॉर्ड रूम से ज्ञात की जा सकती है। प्राप्त निविदाओं को दिनांक-12/12/2024 की सायं 04:00 बजे अधिशासी अधिकारी महोदय के समक्ष खोला जायेगा तथा निविदा खोले जाने वाली दिनांक को सार्वजनिक अवकाश एवं विषम स्थिति उत्पन्न होने की दशा में निविदा अगले कार्य दिवस में सायं 04:00 बजे खोली जायेगी। किसी भी अथवा सभी निविदाओं को बिना कारण बताये स्वीकार/अस्वीकार करने का अधिकार मा0 अध्यक्ष महोदया में निहित है।

| क्र0 सं0 | कार्य का नाम | व्ययानुमान धनराशि | 10 प्रतिशत धरोहर धनराशि | निविदा मूल्य+ 18 प्रतिशत जी0एस0टी0 | कार्य समाप्त करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 01 | 800 कुन्टल सूखी लकड़ी की आपूर्ति। | 7,00,000.00 | 70,000.00 | 400 + 72 = 472 | वित्तीय वर्ष 2024-25 में आवश्यकतानुसार |

नोडल/नगर स्वास्थ्य अधिकारी अधिशासी अधिकारी अध्यक्ष



संस्थापक सम्पादक एवं हमारे प्रेरणास्रोत स्व. उत्तमचन्द्र शर्मा

**मुजफ्फरनगर बुलेटिन**

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक व मुद्रक श्रीमति पूजा दुआ ने 'मुजफ्फरनगर बुलेटिन' प्रात:कालीन दैनिक 224-सिविल लाइन्स दक्षिणी, मुजफ्फरनगर को 'दैनिक बुलेटिन प्रेस' 223-सिविल लाइन्स दक्षिणी, मुजफ्फरनगर से मुद्रित कराकर 224-सिविल लाइन्स दक्षिणी, मुजफ्फरनगर से प्रकाशित किया।
सम्पादक-अंकुर दुआ
(प्रकाशक)-98370-42840, 94127-10840
(विज्ञापन)-9368549219 (नि.) 7983359929
सम्पादक-9412210257
E-mail :
muzaffarnagar_bulletin@yahoo.co.in
muzaffarnagar_bulletin@rediffmail.com



1973-2024

सम्पादक की क़लम से

## यू-ट्यूब, चैनलों के लिए चुनौती

भारत सहित दुनिया भर में यू-ट्यूब, अब चैनलों से ज्यादा देखा जाने लगा है। कई देशों में यू-ट्यूब चैनलों के लिए चुनौती बन गया है। यू-ट्यूब में एक बड़ी बुराई यह है कि कोई भी अपने दिमाग का कचरा इस पर उड़ेल देता है। कई ऐसे लोग जो मानसिक रूप से विक्षिप्त थे और न्यूज चैनलों पर अपने जैसों को प्रभावित करने वाली बातें करते थे, उन्हें उनके चैनल से निकाल दिया गया, तो वे अपना दिमागी कचरा यू-ट्यूब पर डालकर अपनी दाल-रोटी चला रहे हैं। यह यू-ट्यूब की सबसे बड़ी बुराई है। मानसिक रूप से विक्षिप्त लोगों ने सबसे अधिक कब्जा यू-ट्यूब पर कर रखा है। ऐसा नहीं है कि यू-ट्यूब पर अच्छी सामग्री नहीं है, लेकिन वह कम है। यू-ट्यूब की अच्छी बात यह भी है कि इस पर दुर्लभ वीडियो भी उपलब्ध हैं। चैनलों पर चल रही बेकार बहस के अंश जोड़ कर नया वीडियो बनाने वाले भी यू-ट्यूब पर हैं। यू-ट्यूब पर सनसनीखेज शीर्षक लगाकर बकवास सामग्री भी डाल दी जाती हैं। अच्छे हीरो का नाम और फोटो डालकर बकवास फिल्में भी डली हुई हैं। इन तमाम बुराइयों के बाद भी यू-ट्यूब खूब देखा जाता है। जुलाई 24 में अमेरिकियों ने टीवी या सिनेमा देखने से ज्यादा समय यूट्यूब पर बिताया, यह आंकड़ा दिलचस्प है। यू-ट्यूब ने डिज्नी, पैरामाउंट, फॉक्स चैनल, नेटफिलक्स और अमेजन जैसे ओटीटी प्लेटफॉर्म्स को भी पीछे छोड़ दिया। हालांकि अगले कुछ महीनों में यू-ट्यूब फिर डिज्नी और डीसी प्लेटफॉर्म से पिछड़ कर दूसरे नंबर पर खिसक गया। दुनिया में यू-ट्यूब की लोकप्रियता बढ़ती जा रही है। यूके में 16 से 24 वर्ष के आयु वर्ग के 50 प्रतिशत लोग टेलीविजन पर कार्यक्रमों के बजाय यू-ट्यूब देखना अधिक पसंद करते हैं। इसमें कोई सन्देह नहीं कि यू-ट्यूब पर पकाऊ वीडियो को छोड़कर लोगों को तरह-तरह के विषय मिलते हैं। आंकड़े बताते हैं कि दुनियाभर में हर महीने लगभग तीन अरब लोग यू-ट्यूब देखते हैं। इनमें से ज्यादातर 25 से 35 वर्ष के बीच के लोग हैं। यानी उनकी उम्र टीवी के मुख्य दर्शकों से कम है। यह अब ऐप्स, विडियो गेम कंसोल और स्मार्ट टीवी पर उपलब्ध है। यू-ट्यूब अब सबसे लोकप्रिय ऑनलाइन प्लेटफॉर्म बन चुका है और विज्ञापन कंपनियां भी यू-ट्यूब तक पकड़ बना रही हैं। लोग बहुत सी बातें यू-ट्यूब पर सर्च करके देख सकते हैं। ऑनलाइन वीडियो शेयरिंग प्लेटफॉर्म यू-ट्यूब की शुरूआत 2005 में हुई थी और इस पर अपलोड किया गया पहला वीडियो महज 19 सेकंड का था, जो इसके सह संस्थापक ने कैलिफॉर्निया के सैन डिएगो में प्राणी संग्रहालय के भीतर घूमते हुए रिकॉर्ड किया था। एक साल बाद ही गूगल ने यू-ट्यूब को खरीद लिया। यू-ट्यूब सबसे अधिक भारत में देखा जाता है, जहां लगभग 40 करोड़ लोग यू-ट्यूब देखते हैं। अब यू-ट्यूब सौ से अधिक देशों में उपलब्ध है। ब्राजील, इंडोनेशिया सहित कई नए उभरते बाजारों में यू-ट्यूब ने न सिर्फ़ टीवी चैनलों की जगह ले ली है, बल्कि वो वहां मनोरंजन और खबरों का मुख्य जरिया बन चुका है। पहले मनोरंजन उद्योग और विज्ञापन कंपनियां यू-ट्यूब को गंभीरता से नहीं लेती थीं, उसके बाद यू-ट्यूब का दूसरा चरण शुरू हुआ, जिसमें वो हॉलीवुड, टीवी उद्योग, नेटफिलक्स और अमेजन के लिए खतरा बन गया। वो अपने ओरिजनल शो बनाने लगा और नेटफिलक्स की तरह उपभोक्ताओं से सब्सक्रिप्शन शुल्क लेने लगा। 2016 में यू-ट्यूब ने ओरिजनल और महंगे कंटेंट बनाना शुरू किया, लेकिन वो नेटफिलक्स जैसी कंपनियों के निवेश का मुकाबला नहीं कर पाया और उसने 2022 में अपने इस विभाग को बंद कर दिया। अब इस नए चरण में यू-ट्यूब ने अपनी जगह काफी मजबूत कर ली है। अब लोग यू-ट्यूब का इस्तेमाल यूटिलिटी प्लेटफॉर्म की तरह इस्तेमाल करते हैं। लोगों की जरूरत के अधिकांश वीडियो यू-ट्यूब पर आसानी से मिल जाते हैं। पकाऊ लोगों के अलावा यू-ट्यूब के अपने स्टार हैं, जिनकी लोकप्रियता हॉलीवुड के सितारों से कम नहीं है। कई कंटेंट क्रिएटरों के यू-ट्यूब चैनल ने इस साल जून में कई चैनलों को पीछे छोड़ दिया। यू-ट्यूब और उसके जाने माने कंटेंट क्रिएटरों या सामग्री बनाने वालों को विज्ञापनों के जरिए भी आमदनी होती है, जब भी उनके चैनल पर विज्ञापन आता है, उन्हें पैसे मिलते हैं, जो पैसे विज्ञापन कंपनियां अपने विज्ञापन के प्रसारण के लिए देती हैं, उसका 45 प्रतिशत हिस्सा यू-ट्यूब कंपनी रख लेती है और शेष उन चैनलों या उसके कंटेंट क्रिएटरों को देती है। 2007 में जब उन्होंने ये तरीका अपनाया, तो वो काफी नयी और जोखिम वाली सोच थी, लेकिन यही उसकी सफलता का एक बड़ा कारण साबित हुई। कुछ सेवाओं को छोड़ कर यू-ट्यूब की अधिकांश सेवाएं मुफ़्त हैं। यह भी सच है कि यू-ट्यूब ने साबित कर दिया कि कोई भी व्यक्ति स्टार बन सकता है। अब बड़ी संख्या में वीडियो अपलोड हो रहे हैं, जिससे उन पर नियंत्रण भी एक मसअला बन चुका है। अगर सरकारों को लगा कि यू-ट्यूब नियंत्रण से बाहर हो रहा है, तो उसके लिए खतरा भी पैदा हो सकता है। यू-ट्यूब को कानून के उन दायरों से बाहर रखा गया है, जिसके तहत कई देशों के टीवी प्रसारकों को काम करना पड़ता है। टीवी नेटवर्कों में जिस प्रकार के कड़े संपादकीय नियम लागू होते हैं, वैसे यू-ट्यूब के कंटेंट या सामग्री पर लागू नहीं होते। यू-ट्यूब के आने से कई साल पहले 1996 में अमेरिका के सूचना संचार विभाग ने टेक्नोलॉजी कंपनियों को बढ़ावा देने के लिए डिसेंसी एक्ट या भद्रता संबंधी कानून में संशोधन करके उसमें सेक्शन 230 को जोड़ दिया। इसका इरादा टेक्नोलॉजी कंपनियों को मुकदमों से बचाना था, क्योंकि उनके पास उनके प्लेटफॉर्म पर प्रसारित होने वाले कंटेंट की निगरानी करने के लिए पर्याप्त लोग या धन उपलब्ध नहीं था। इस कानून का अर्थ यह था कि यह कंपनियां केवल यूजर द्वारा बनाए गए कंटेंट प्रसारित करती हैं, मगर वो उसके लिए ज़िम्मेदार नहीं हैं और न ही उन पर हर कंटेंट को जांचने की ज़िम्मेदारी है। हालांकि, यू-ट्यूब पर आपत्तिजनक कंटेंट या सामग्री अपलोड करने वालों या आपत्तिजनक कमेंट करने वालों के खिलाफ मुकदमा दायर किया जा सकता है। किस प्रकार की सामग्री यू-ट्यूब पर अपलोड की जाए और कौन सी नहीं इस बारे में कंपनी के अपने नियम और निर्देश हैं। नफरत फैलाने वाली सामग्री और टिप्पणियां करने की मनाही है, जो यूजर इन नियमों का पालन नहीं करते हैं, उन्हें चेतावनी दी जाती है या उन पर प्रतिबंध भी लगा दिया जाता है। यू-ट्यूब पर इतनी विविधता और रोचक सामग्री है कि वो फिलहाल बाजार में सबसे आगे है।

### चार तीर

सुनील उत्सव

"देशहित" "बात" "पैंतरे" "पैरवी"

सिर्फ अपने फायदे की सोचना अच्छा नहीं,
देशहित की हम सभी में बात होनी चाहिए।
दुश्मनों के पैंतरे बेकार सब हो जाएंगे,
दोस्तों की पैरवी में बात होनी चाहिए।


॥ रस्म पगड़ी ॥



अत्यंत दुख के साथ सूचित किया जा रहा है कि हमारे पूज्य
**श्री हरभगवान अरोरा जी** का आकस्मिक निधन
दिनांक 01-12-2024, दिन-रविवार को हो गया है।
प्रभु की ऐसी ही इच्छा थी।

**श्रद्धांजलि सभा एवं रस्म पगड़ी**

आज दिनांक 03-12-2024, दिन- मंगलवार को
अपराह्न 1.30 बजे से 3 बजे तक होनी निश्चित हुई है।
स्थान: पंजाबी बारात घर भोपा रोड, एस.डी. डिग्री कॉलेज के सामने, मुजफ्फरनगर

शोकाकुल परिवार
श्रीमती उर्मिल अरोरा (पत्नी)
विपुल अरोरा-सिल्की अरोरा (पुत्र-पुत्रवधु)
अर्चना अरोरा (पुत्री), श्रेष्ठ अरोरा (पौत्र)
सिद्धी अरोरा (पौत्री), समस्त अरोरा एवं बजाज परिवार

निवास: 956, संजय मार्ग, गाँधीनगर, निकट ब्रह्मकुमारी आश्रम, मुजफ्फरनगर
प्रतिष्ठान:- मै0 सत्यकाम मैटल इन्डस्ट्रीज
मै0 शम्भू एग्रो इन्डस्ट्रीज, रुड़की रोड, मुजफ्फरनगर
मो. 9720751000,9720771000




## भाकियू संघर्ष मोर्चा ने किया कलेक्ट्रेट में विरोध प्रदर्शन

**मुजफ्फरनगर, 02 दिसम्बर (बु.)।** भारतीय किसान यूनियन संघर्ष मोर्चा की जिला इकाई ने कलेक्ट्रेट में धरना प्रदर्शन करते हुए सोमवार को किसानों से जुड़ी अपनी विभिन्न मांगों को लेकर एक ज्ञापन मुख्यमंत्री को संबोधित जिला प्रशासन को सौंपा। प्रशासन को सौंपे ज्ञापन के माध्यम से जहां मोर्चा ने गन्ने का भाव 500 रुपये कुंतल की मांग की गई। इसके साथ अन्य समस्याओं का निदान न होने पर आंदोलन की चेतावनी दी। सोमवार को कलेक्ट्रेट परिसर में पहुंचे भाकियू संघर्ष मोर्चा के प्रदेशाध्यक्ष चौ. नरेश कुमार के नेतृत्व में दर्जनों लोगों ने अपनी मांगों को लेकर धरना देकर विरोध प्रदर्शन किया। बाद में किसानों ने अपनी विभिन्न मांगों को लेकर मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन जिला प्रशासन को सौंपा। इस ज्ञापन में गन्ने का भाव 500 रुपये प्रति कुंतल करने, किसानों के खिलाफ फर्जी मुकदमें समाप्त करने, तहसील, थाने व पुलिस चौकी में व्याप्त भ्रष्टाचार को समाप्त किए जाने, खाद का कट्टा 50 किग्रा का करने, अग्निवीर योजना बंद करने, ग्राम डांसरी के सामने कट बनवाने, किसानों का कर्जा माफ करने की मांग की। धरना देने वालों में मुख्य रूप से राजेन्द्र, सन्नी, आशू, राजेन्द्र, विक्की, समर पाल, आशीष राठी, अर्जुन, मोनू, अतुल, मुजम्मिल, दिनेश, सुरेश, आदेश, रमेश, सुभाष, जितेन्द्र अहलावत, नरेश भाटी, नितिन अहलावत आदि शामिल रहे।

## दुनिया में हो भाई चारा, युद्ध नहीं शान्ति चाहिए : मनेश गुप्ता

### - विश्व शांति की खातिर सौंपा प्रधानमंत्री के नाम एक ज्ञापन

**मुजफ्फरनगर, 02 दिसम्बर (बु.)।** शांति सेना का यही नारा, विश्व में हो भाईचारा, फिलिस्तीनी बच्चों, महिलाओं व अस्पतालों में हमले बंद करो, युद्ध नहीं शांति चाहिए, रूस-यूक्रेन युद्ध बंद करो जैसे गगनभेदी नारे लगाते हुए ग्रामीण क्षेत्रों की सैकड़ों महिलाएं सोमवार को कलेक्ट्रेट में पहुंची, जहां इन महिलाओं ने विश्व युद्ध की संभावना के विरुद्ध धरना-प्रदर्शन करते हुए संयुक्त राष्ट्र संघ एवं प्रधानमंत्री मोदी से संभावित विश्व युद्ध को रोकने एवं शांति बहाल करने की अपील की। कलेक्ट्रेट में आयोजित धरने को संबोधित करते हुए शांति सेना के अध्यक्ष मनेश कुमार गुप्ता ने कहा कि आज दुनिया विश्व युद्ध के कगार पर खड़ी है। ऐसे में एक ओर रूस, यूक्रेन युद्ध तीसरे साल में प्रवेश कर चुका है और फिलिस्तीनियों और इजराइल के बीच का युद्ध 13 माह से जारी है। इन युद्धों में लाखों लोग मारे जा चुके हैं। युद्ध से अब तक 23 लाख लोग तबाह हो चुके हैं। 44 हजार से अधिक लोगों की मृत्यु हो चुकी है। उन्होंने कहा कि शांति सेना धरना-प्रदर्शन के माध्यम से प्रधानमंत्री से मांग करती है कि देश की कबीर, नानक, बुद्ध, महात्मा गांधी, नेहरू की शानदार परम्परा में वे विश्व युद्ध को रोकने व शान्ति बनाने का प्रयास करें। इस दौरान मुख्य रूप से सुरेंद्र कुमार, सुखबीर, सोमेंद्र, हिदायतुल्ला, जोगेन्द्री, कुसुम पाल, रुकसाना, मोनिका, पुष्पा, वंदना, सुशीला, ममतेश, सीमा, राजेश्वरी, शिवांगी, शिखा सैनी, रामो, ओमवती, किरण, कुन्तेश, सोनिका, मांगी, पूजा, अनिता, कविता आदि दर्जनों ग्रामीण महिलाएं शामिल रहीं।



## दुर्घटना में घायल की मौत

**मीरापुर, 2 दिसम्बर (बु.)।** दो बाइकों की आमने-सामने की भिड़ंत में घायल हुए लोगों में से एक युवक की उपचार के दौरान मौत हो गई। रविवार की देर शाम मेरठ के अब्दुल्लापुर निवासी सलमान पुत्र निसार अपनी मां नफीसा के साथ बाइक से मुझेड़ा से वापिस अपने गांव लौट रहा था।

इस दौरान जैसे ही वह कैथोड़ा पुलिस चौकी के पास पहुंचे तभी रामराज की ओर से अपनी बाइक से आ रहे कैथोड़ा निवासी चांद पुत्र अशफाक की बाइक से इसकी भिड़ंत हो गई थी, जिसके बाद दोनों बाईकें अनियंत्रित होकर एक ट्रैक्टर ट्रॉले से टकरा गयी थी। दोनों बाईकों व ट्रैक्टर ट्रॉले की भिड़ंत में बाइक सवार तीन महिलाओं समेत आधा दर्जन लोग घायल हो गए थे, जिनमें गंभीर रूप से घायल सलमान की उपचार के दौरान मौत हो गई।

## व्यापार संगठन के पदाधिकारियों ने युवा व्यापारी के निधन पर जताया शोक



**मुजफ्फरनगर, 02 दिसम्बर (बुस.)।** उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार संगठन रजि. के कुंदनपुरा स्थित कैंप कार्यालय पर बैठक आयोजित की गई। बैठक में व्यापार संगठन के प्रदेश मंत्री सरदार बलविंदर सिंह के भतीजे व युवा व्यापारी हरविंदर सिंह के दुखद निधन पर शोक व्यक्त करते हुए दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की गई। प्रदेश उपाध्यक्ष कृष्ण गोपाल मित्तल व कार्यकारी जिलाध्यक्ष राकेश त्यागी ने कहा कि व्यापार संगठन के प्रमुख पदाधिकारी व प्रदेश मंत्री सरदार बलविंदर सिंह के भतीजे हरविंदर सिंह के दुखद निधन पर समस्त पदाधिकारीगण शोक प्रकट करते हैं व दुख की इस घड़ी में व्यापार संगठन का प्रत्येक पदाधिकारी उनके परिवार के साथ खड़ा है। बैठक में जिला महामंत्री विशाल जैन, अध्यक्ष सर्राफा एसो. पवन वर्मा, प्रदेश युवा उपाध्यक्ष तरुण मित्तल, जिला युवा प्रभारी विजय प्रताप सिंह, डॉ. शौकी अहमद, हरिओम शर्मा, भूरा कुरैशी, इकरार फारूकी, हर्ष राठी, मयंक गोयल, शिवकुमार सिंघल, विजय कुच्छल, सुनील अरोरा, राजेंद्र अरोरा, जयपाल सिंह, सुनील वर्मा, सौरभ मित्तल सहित अनेकों पदाधिकारियों द्वारा शोक संवेदना व्यक्त की गई।

## गुमशुदा की तलाश



सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि हमारे पिताजी **श्री हरीश चन्द्र पुत्र स्व. श्री सोहन लाल (उम्र 73 वर्ष) पायजामा व शर्ट पहने ( कद 5 फुट 6 इंच)** जोकि 2 नवम्बर (दिन-शनिवार) को घर से चले गए थे, जिन्हें काफी ढूंढा गया तो पता चला कि उन्हें कुछ लोगों द्वारा जिला अस्पताल कच्ची सड़क (अहिल्याबाई) चौक के आस-पास अक्सर देखा जाता है, लेकिन हमारे काफी तलाशने पर भी अब तक उनका पता नहीं चला। जिस किसी को भी दिखाई दें, तो तुरन्त हमें इन नम्बरों पर सूचित करें। सूचना देने वाले को उचित ईनाम दिया जायेगा।

सम्पर्क करें :-
पवन कुमार - 9992983884, 8448295445

## 51 लीटर गंगाजल लेकर उज्जैन महाकाल की यात्रा पर निकला भक्त पहुंचा मुजफ्फरनगर



**मुजफ्फरनगर, 02 दिसम्बर (बुस.)।** गौ-माता को राष्ट्र माता की उपाधि दिए जाने को लेकर हरिद्वार हर की पौड़ी से 51 लीटर गंगाजल लेकर उज्जैन महाकाल तक 1100 किलोमीटर पद यात्रा नगर पहुँची। नगर के शिव चौक की परिक्रमा कर गौ-माता को राष्ट्र माता घोषित करने तथा गो-हत्या पर रोक लगाने के लिए वो यात्रा कर रहे हैं। गौ-माता को राष्ट्रीय माता का दर्जा दिलाने के लिए हरिद्वार से उज्जैन पैदल यात्रा जा रहे कावड़ियों का नगर में भव्य स्वागत किया गया। इस अवसर पर उन्हें स्मृति चिन्हित भेट किया गया। उत्तम गौ सेवा मुजफ्फरनगर, नंदी गौशाला ट्रीटमेंट सेंटर, हनु गौरक्षा सेवा टीम की ओर से गौ-सेवक नीशू द्वारा दिया गया। इस अवसर पर अमन कुमार, रवि रावल, पवन भगवा हरिद्वार, संकेत कश्यप, नवीन प्रणाम, गौ-सेवक निशु, रोहित गोयल आदि मौजूद रहे।


**REQUIREMENTS**
Assistant Plant Operator - (10 Posts) Intermediate (Chem.) / B.Sc. (Chem.)
Contact at :
RAVI ORGANICS LIMITED
G-14, Begrajpur Industrial Area, Muzaffarnagar-251203, U.P.
M. 7983015123, 9000444169
Email : hr.raviorganics@gmail.com



**सादर स्मरण**



भारतीय गणतंत्र के प्रथम राष्ट्रपति देशरत्न
डा0 राजेन्द्र प्रसाद
को सादर नमन- विनम्र हार्दिक स्मरण।
जन्मदिवस पर (जनवरी 1950 से मई 1962)
प्रधानमंत्री पं0 जवाहरलाल नेहरू ने कहा था,
"भारतीय गणतंत्र के प्रथम बारह वर्ष राजेन्द्र युग के रूप में हमेशा याद किये जाएंगे"
(20 मई 1926 रामलीला, नई दिल्ली में विदाई समारोह में)
गजेन्द्र पाल
पूर्व - प्रवक्ता- कल्याणकारी इण्टर कॉलेज, बघरा
पूर्व - सभासद- नगरपालिका परिषद, मुजफ्फरनगर



**आवश्यक सूचना**
सिंघल नर्सिंग होम
डॉ. हेमी सिंघल
M.B.B.S. (MAMC), DGO (LHMC)
Diplomate American Board of Family Medicine
Diplomate American Board of Obesity Medicine
PG Diploma Diabeted & Endocrinology (UK)
Consultant Endocrinologist & Weight Loss Specialist
दिनांक 4-12-2024, दिन बुधवार को
डॉ. हेमी सिंघल
शुगर, थाइरोइड, Pcos, मैडिकल वेटलॉस B.P., कोलेस्ट्रॉल आदि के मरीजों को देखेंगी।
नाम लिखवाने के लिए सम्पर्क करें
सिंघल नर्सिंग होम
कम्पनी बाग के सामने, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर
मो.: 9837082912, 0131-2433104


## आशा प्रशिक्षण केन्द्र : प्रगति की ओर अग्रसर



**मुजफ्फरनगर, 02 नवम्बर (बुस.)।** आशाएँ प्रशिक्षण केन्द्र (गुलशन पॉलीऑलस लिमिटेड द्वारा संचालित) गौशाला रोड, नई मंडी स्थित प्रशिक्षण कार्यक्रमों में लड़कियों व महिलाओं को विभिन्न कोर्स में निःशुल्क प्रशिक्षण प्रदान कर रहा है, जैसे कि सेल्फ डिफेन्स, इंग्लिश स्पीकिंग और कंप्यूटर। इन कार्यक्रमों को विशेष रूप से डिजाइन किया गया है, ताकि प्रशिक्षणार्थियों को अपने लक्ष्यों को प्राप्त करने में मदद मिल सके। आज केंद्र ने सभी छात्राओं को अपना कोर्स सफलतापूर्वक पूर्ण करने पर सभी को प्रमाण-पत्र प्रदान किये। केंद्र की एक अन्य विशेषता है - इसकी अनुभवी और योग्य प्रशिक्षकों की टीम। ये प्रशिक्षक अपनी सभी छात्राओं को उनके लक्ष्यों को प्राप्त करने में आवश्यक ज्ञान और कौशल प्रदान करते हैं। केंद्र का मुख्य उद्देश्य अधिक से सधिक लड़कियों और महिलाओं को साक्षर बनाकर उनका भविष्य उज्ज्वल करना है। इस अवसर पर अनिल सिंह (सीओ गुलशन बैंक), मनीष गुप्ता (समाज सेवी), जितेन्द्र सिंह (प्रबंधक आशाएँ) व केंद्र की शिक्षिकाएँ संतोषी गौर, विशाखा सैन और कशिश भाटिया मौजूद रहे।

## निषाद पार्टी की संवैधानिक अधिकार यात्रा की शुरूआत



**मुजफ्फरनगर, 02 नवम्बर (बुस.)।** सोमवार को निर्बल इंडियन शोषित हमारा आम दल निषाद पार्टी के तत्वावधान में निकाली जा रही संवैधानिक अधिकार यात्रा का आज तीसरे दिन जनपद मुज़फ़्फ़रनगर में पहुँची। यात्रा ने आज देवबंद से अम्बेहटा, डेहरा से जखवाला, ननहेड़ा से बूढ़ाखेड़ा, बड़ाबाँस से कसौली, चौकड़ा से मुथरा रामलीला मैदान, चरथावल में आयोजित सभा को संबोधित किया। तत्पश्चात राहुल कश्यप, प्रधान लकड़संधा द्वारा यात्रा का स्वागत किया गया। रसूलपुर (महर्षि कश्यप चौक मुज़फ़्फ़रनगर) पर स्वागत, रसूलपुर से मुस्तफाबाद से जानसठ तक यात्रा निकाली गई। उन्होंने कहा कि संवैधानिक अधिकार यात्रा प्रदेश के सभी 18 मण्डल, 200 विधानसभा में जाएगी, तीन चरणों में यात्रा अपने अंतिम पड़ाव नई दिल्ली के इंदिरा गांधी इंडोर स्टेडियम में समापन किया जाएगा। इस रथयात्रा के माध्यम से कश्यप-निषाद-मछुआ बाहुल्य ग्राम समाज को जोड़ने का काम किया जायेगा।

## राजेन्द्र कुमार सक्सेना ने एक बार फिर उम्र को पछाड़ा

### यूपी बॉडी बिल्डिंग में पाया प्रथम स्थान

**मुजफ्फरनगर, 02 दिसम्बर (बुस.)।** मुजफ्फरनगर बॉडी बिल्डिंग एण्ड फिटनेस एसोसिएशन के सचिव फिरोज खान ने बताया कि 01 दिसम्बर को उत्तर प्रदेश बॉडी बिल्डिंग एण्ड फिटनेस एसोसिएशन द्वारा रामपुर में आयोजित मि. यूपी बॉडी बिल्डिंग प्रतियोगिता में अपनी श्रेणी में मुजफ्फरनगर के राजेन्द्र कुमार सक्सेना प्रथम स्थान प्राप्त किया। इस प्रतियोगिता में रामपुर के एमएलए अशोक सक्सेना मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे। मुख्य अतिथि द्वारा राजेन्द्र कुमार सक्सेना को ट्रॉफी एवं प्रमाण-पत्र देकर सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि द्वारा भी श्री सक्सेना की इस उम्र में बॉडी बिल्डिंग जैसे खेल में अभी भी टिके रहने के लिए प्रशंसा की। राजेन्द्र कुमार सक्सेना मुजफ्फरनगर से अकेले बॉडी बिल्डर हैं, जो मिस्टर यूनिवर्स का खिताब जीते हैं। पूरे भारतवर्ष ही नहीं अपितु पूरे विश्व में इस समय 70 वर्ष से ऊपर की उम्र के अकेले बॉडी बिल्डर हैं, जो अभी भी स्टेज छोड़ने का मन नहीं बना पाए हैं। 70 वर्ष से ऊपर की न भारतवर्ष में और न ही विश्व में कोई कैटेगिरी नहीं है, इसलिए अब श्री सक्सेना 60 व़र्ष वाली कैटेगिरी में खेलते हैं। इससे पूर्व भी श्री सक्सेना 5 बार मि. इण्डिया, 5 बार मि. एशिया एवं 5 बार मि. वर्ल्ड प्रतियोगिता में अनेक देशों में जाकर भारत का एवं मुजफ्फरनगर का नाम ऊँचा कर चुके हैं। यह हमारे लिये गर्व की बात है कि जनपद मुजफ्फरनगर में एक 72 वर्ष की आयु का व्यक्ति बॉडी बिल्डिंग जैसे खेल को बढ़ावा देकर जहाँ एक ओर नवयुवकों, प्रौढ़ व्यक्तियों एवं सीनियर सिटीजन्स को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करने का कार्य कर रहा है, वहीं दूसरी ओर मुजफ्फरनगर देश ही नहीं विदेशों में भी राजेन्द्र सक्सेना के नाम से पहचाना जाने लगा है। राजेन्द्र सक्सेना प्रतिदिन 2 से 3 घंटे कठिन व्यायाम करते हैं तथा अपनी डाइट का पूरा ध्यान रखते हैं। श्री सक्सेना का कहना है कि व्यायाम तो किसी भी उम्र में किया जा सकता है, उनके लिये उम्र सिर्फ एक नम्बर है। हम उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हैं।



## नीव इंटरनेशनल और लिटिल मिलेनियम स्कूल का 12वां वार्षिकोत्सव इन्क्रेडिबल इंडिया थीम पर हुआ आयोजित

**मुजफ्फरनगर, 02 दिसम्बर (बुस.)।** नीव इंटरनेशनल और लिटिल मिलेनियम स्कूल ने अपने 12वें वार्षिकोत्सव का आयोजन भव्य तरीके से इन्क्रेडिबल इंडिया थीम पर किया। इस अवसर पर छात्रों ने विभिन्न सांस्कृतिक, ऐतिहासिक, और सामाजिक पहलुओं को प्रस्तुत करते हुए कार्यक्रम में समृद्ध भारत की विविधताओं का जश्न मनाया। इस कार्यक्रम में छात्रों ने विभिन्न राज्यों की लोकनृत्य परंपराओं का प्रदर्शन किया, जो भारतीय संस्कृति की समृद्ध विविधता को दर्शाते हैं। इसके अलावा, भारतीय सेना, व्यापारिक व्यक्तित्व, और प्राचीन योद्धाओं जैसे तान्हाजी मालुसरे के जीवन पर आधारित नृत्य प्रस्तुत किए गए।

कार्यक्रम का एक प्रमुख आकर्षण था माँ-बच्चे का रैंप वॉक, जिसमें माँ और उनके बच्चों ने एक साथ मंच पर चलकर एकता और परिवार के महत्व को प्रदर्शित किया। यह विशेष प्रस्तुति दर्शकों को पसंद आई और तालियों से उनका उत्साहवर्धन किया। इस आयोजन में भाग लेने वाले छात्रों की कड़ी मेहनत और समर्पण ने कार्यक्रम को और भी यादगार बना दिया। स्कूल के सभी शिक्षकों और कर्मचारियों ने छात्रों को मार्गदर्शन देने में अहम भूमिका निभाई, जिससे यह कार्यक्रम शानदार तरीके से संपन्न हुआ। निदेशक अंकुर गोयल ने अपने संबोधन में कहा कि हमारे छात्रों ने इस कार्यक्रम में अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया। इस तरह के आयोजनों से बच्चों में आत्मविश्वास और राष्ट्रीयता की भावना का विकास होता है। हम हमेशा अपने विद्यार्थियों को सांस्कृतिक और सामाजिक मूल्यों से अवगत कराने के लिए प्रतिबद्ध हैं। सेंटर हेड्स शिम्पी कपूर, शिल्पी बख्शी और रोहित गर्ग ने भी अपने विचार साझा किए और सभी का धन्यवाद किया। उन्होंने इस मौके पर अभिभावकों के सहयोग को सराहा और कहा कि इस तरह के आयोजनों से बच्चों के व्यक्तित्व का सर्वांगीण विकास होता है। यह वार्षिकोत्सव न केवल बच्चों के लिए बल्कि उनके अभिभावकों और शिक्षकों के लिए भी एक यादगार अनुभव बन गया। इस कार्यक्रम ने बच्चों की रचनात्मकता और भारत की समृद्ध सांस्कृतिक धरोहर को प्रदर्शित करने का एक बेहतरीन मौका दिया।





## हिंदुओं पर हमले रोको वरना निर्यात पर लगेगा बैन

**पेट्रापोल (पश्चिम बंगाल), 2 दिसंबर (एजेंसी)।** बांग्लादेश में हिंदुओं और अन्य अल्पसंख्यकों के खिलाफ अत्याचार को लेकर पूर्वी राज्य पश्चिम बंगाल में भी आक्रोश देखने को मिल रहा है। इस बीच, राज्य विधानसभा में विपक्ष के नेता शुभेंदु अधिकारी ने पड़ोसी देश की अंतरिम सरकार को चेतावनी दी कि अगर उनके यहां अल्पसंख्यक हिंदुओं और उनकी संस्थाओं पर हो रहे हमलों को नहीं रोका गया, तो बंगाल की जमीनी सीमा से बांग्लादेश को निर्यात पर अनिश्चितकालीन प्रतिबंध लगा दिया जाएगा। शुभेंदु अधिकारी ने पेट्रापोल अंतरराष्ट्रीय सीमा पर एक विरोध सभा को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि बांग्लादेश से व्यापार पर चरणबद्ध तरीके से प्रतिबंध लगाया जाएगा, जिससे बांग्लादेश भारत से जरूरी वस्तुओं पर निर्भर होगा। इस कार्यक्रम में भाजपा के अन्य नेताओं ने भी भाग लिया। हालांकि, वे पार्टी के निशान के बिना यहां मौजूद रहे।

## पेरियार की मूर्ति तोड़ने, कनिमोझी पर टिप्पणी मामले में भाजपा नेता राजा दोषी करार

**चेन्नई, 2 दिसंबर (एजेंसी)।** तमिलनाडु की राजधानी चेन्नई में एक विशेष अदालत ने भाजपा नेता एच. राजा को दो मामलों दोषी करार देते हुए सजा सुनाई है। जिसमें से एक मामला डीएमके सांसद कनिमोझी पर टिप्पणी और दूसरा मामला कुछ साल पहले राज्य में पेरियार की मूर्ति को ध्वस्त करने का मामला है। बता दें कि सांसदों/विधायकों से संबंधित आपराधिक मामलों की सुनवाई के लिए विशेष अदालत ने भाजपा के राष्ट्रीय सचिव को दोनों मामलों में छह महीने के साधारण कारावास की सजा सुनाई और कुल 5,000 रुपये का जुर्माना लगाया है। हालांकि, विशेष अदालत ने उन्हें अपने आदेश के खिलाफ अपील दायर करने के लिए 30 दिनों के लिए सजा निलंबित कर दी। इस मामले में भाजपा नेता ने संवाददाताओं से कहा कि उनके अधिवक्ताओं की टीम कानूनी रूप से मामले का सामना करेगी।

## खराब है दिल्ली की हवाः 280 दर्ज हुआ एक्यूआई

**नई दिल्ली, 2 दिसंबर (एजेंसी)।** राजधानी में सोमवार को भी हवा खराब श्रेणी में बरकरार रही। ऐसे में लोगों को प्रदूषण से थोड़ी राहत मिली है। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) के अनुसार यह स्थिति बृहस्पतिवार तक रहने के संकेत है। सोमवार को वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 280 रहा, जोकि खराब श्रेणी में है। यह बीते 24 घंटे के मुकाबले पांच सूचकांक की कमी दर्ज की गई है। अधिकतर इलाकों में एक्यूआई 200 के पार रिकॉर्ड किया गया। मौसम विशेषज्ञों का कहना है कि यहां पहुंचने वाली हवाओं की गति स्थिर नहीं होने की वजह से प्रदूषक फैल नहीं रहे हैं। इससे वायु गुणवत्ता खराब है। इस दौरान हवा उत्तर-पश्चिम दिशा से 6 किलोमीटर प्रतिघंटे चली। सीपीसीबी के मुताबिक मंगलवार को हवा उत्तर-पश्चिम दिशा से चल सकती है। हवा की गति आठ किलोमीटर प्रतिघंटे रह सकती है। वहीं, बुधवार को भी हवा उत्तर-पश्चिम दिशा के साथ 12-16 किलोमीटर प्रतिघंटे की गति रहेगी। साथ ही, बृहस्पतिवार को हवा उत्तर-पश्चिम से चलेगी।

## सड़क पर सब्जियां बेचती मिली डिप्टी मेयर चिंता देवी

**गया, 2 दिसंबर (एजेंसी)।** गया नगर निगम में डिप्टी मेयर चिंता देवी अधिकारियों की उपेक्षा से परेशान होकर सब्जी मंडी में सब्जी बेचने लगीं। यह नजारा देखकर स्थानीय लोग हैरान रह गए। लोगों के बीच चर्चा का विषय बनी चिंता देवी ने कहा कि नगर निगम में उनकी कोई सुनवाई नहीं हो रही है और वे सम्मान की कमी से व्यथित हैं। चिंता देवी ने बताया कि जब से वे डिप्टी मेयर बनी हैं, नगर निगम के अधिकारी उन्हें कोई तवज्जो नहीं दे रहे। वे कई बार कार्यालय गईं, लेकिन उनकी उपस्थिति को नजरअंदाज कर दिया गया। इस उपेक्षा से आहत होकर उन्होंने जनता की सेवा छोड़ सब्जी बेचने का कदम उठाया। उनका कहना है कि अगर डिप्टी मेयर होने के बावजूद उन्हें सम्मान नहीं मिलता, तो उनके पद का कोई महत्व नहीं है।

## पूर्व आईएएस अधिकारी की बेटी ने 29वीं मंजिल से कूद कर की आत्महत्या

**नोएडा, 2 दिसंबर (एजेंसी)।** नोएडा सेक्टर 128 स्थित जेपी विशटाउन सोसाइटी में रहने वाली यूपी कैडर के एक पूर्व आईएएस अधिकारी की बेटी ने 29वीं मंजिल से कूद कर आत्महत्या कर ली। जानकारी के मुताबिक सेक्टर 128 स्थित जेपी विशटाउन सोसाइटी में रहने वाली 24 वर्षीय रिधा मुस्तफा ने सोसाइटी की 29वीं मंजिल स्थित फ्लैट से कूद कर जान दे दी। इससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। घटना के बाद सोसाइटी के गार्ड और अन्य लोग मौके पर पहुंचे और पुलिस को सूचना दी। मृतक का पूर्व आईएएस अधिकारी मोहम्मद मुस्तफा की पुत्री बताई जा रही है। मोहम्मद मुस्तफा ने इसी साल स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति लिया था। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि इस मामले की जांच की जा रही है और आत्महत्या के कारणों का पता लगाया जा रहा है। इस घटना के बाद पुलिस सोसायटी और टावर के आसपास लगे सभी सीसीटीवी कैमरा की फुटेज देख रही है। वही सोसाइटी में घटना के वक्त तैनात सिक्यूरिटी गार्ड्स से भी पूछताछ कर रही है। पुलिस इस मामले की जांच सभी पहलुओं पर कर रही है।



## पहला ही चार्ज लेने जाते आईपीएस अधिकारी की दुर्घटना में मौत

**सहरसा, 2 दिसंबर (एजेंसी)।** सहरसा जिले के सोनबरसा राज थानाक्षेत्र के फतेहपुर पडरिया गांव के निवासी 2023 बैच के युवा आईपीएस अधिकारी हर्षवर्धन सिंह की सड़क दुर्घटना में दुखद मौत हो गई। हादसा रविवार देर शाम कर्नाटक के हासन में हुआ, जहां वह अपनी पहली पोस्टिंग पर योगदान देने जा रहे थे। जानकारी के



मुताबिक, 26 वर्षीय हर्षवर्धन सिंह मैसूर में प्रशिक्षण पूरा करने के बाद कर्नाटक के हासन में अपर पुलिस अधीक्षक के पद पर तैनाती के लिए जा रहे थे। लेकिन गंतव्य से महज 10 किलोमीटर पहले ही उनकी कार का टायर फटने से वाहन अनियंत्रित हो गया और हादसे में उनकी मौके पर ही मौत हो गई। जबकि इस हादसे में वाहन चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। हर्षवर्धन की मौत की खबर मिलते ही फतेहपुर पडरिया गांव और उनके रिश्तेदारों में शोक की लहर दौड़ गई।

# शाहपुर में 8 वर्षीय बालिका से दुष्कर्म का प्रयास, आरोपी को पकड़कर पुलिस को सौंपा

**शाहपुर, 02 दिसम्बर (बु.)।** थाना क्षेत्र निवासी एक व्यक्ति ने परचून की दुकान पर सामान लेने गई एक करीब आठ वर्ष की मासूम बालिका के साथ अश्लील हरकत करने के साथ दुष्कर्म करने का प्रयास किया।



थाना क्षेत्र निवासी एक व्यक्ति की आठ वर्षीय पुत्री एक परचून की दुकान पर सामान लेने गई थी। जब वह सामान लेकर वापस आ रही थी तो वहां पहले से ही मौजूद एक व्यक्ति ने मासूम बच्ची के साथ अश्लील हरकत करते हुए दुष्कर्म करने का प्रयास किया। मासूम बच्ची के शोर मचाने पर उसके परिजन व अन्य लोग मौके पर पहुंचे और आरोपी युवक को पकड़कर थाने ले गए और पुलिस को सौंप दिया। पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम छोटू पुत्र सतपाल निवासी मौहल्ला गडरियान कस्बा व थाना शाहपुर बताया। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा कायम करते हुए आरोपी के विरुद्ध कार्रवाई करते हुए उसका चालान कर दिया। गौरतलब है कि आरोपी व्यक्ति इससे पूर्व भी दो बार पॉक्सो एक्ट के अलावा अन्य धाराओं में जेल जा चुका है।

## आप चाहते हैं हम सरकार चलाएं, हद है... 4 राज्यों को सुप्रीम कोर्ट ने लगाई फटकार

**नई दिल्ली, 2 दिसंबर (एजेंसी)।** दिल्ली-एनसीआर वायु प्रदूषण के मामले में सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को दिल्ली के साथ ही उत्तर प्रदेश, राजस्थान, हरियाणा के मुख्य सचिवों को आदेश का पालन नहीं करने को लेकर तलब किया। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि अब आपको मामले कि गंभीरता समझ आएगी। इससे पहले, कोर्ट द्वारा नियुक्त कोर्ट कमिश्नर ने रिपोर्ट अदालत में पेश की। पिछली सुनवाई में सुप्रीम कोर्ट ने ग्रैप-4 के दौरान खाली हुए लेबरों को भुगतान करने का निर्देश दिया था, जो राज्यों को लेबर सेस को देना था।

# पीआरडी जवानों ने सड़कों पर उतर किया शक्ति प्रदर्शन

**▸ ड्यूटी चार्ट से अब जवान की जगह गार्ड लिखने का विरोध ▸ कलेक्ट्रेट पहुंचकर दिया धरना, नगर मजिस्ट्रेट को सौंपा ज्ञापन**





**मुजफ्फरनगर, 02 दिसम्बर (बु.)।** ड्यूटी चार्ट में जवान की जगह गार्ड लिखे जाने के विरोध में सोमवार को दूसरे दिन पीआरडी जवानों ने कलेक्ट्रेट में पहुंच कर विरोध स्वरूप जमकर हंगामा किया। इस दौरान उन्होंने युवा कल्याण विभाग में कार्यरत एक लिपिक पर भ्रष्टाचार के गंभीर आरोप लगाते हुए दोषी पर कड़ी कार्रवाई किए जाने की मांग की। जवानों ने जिला युवा कल्याण अधिकारी की कार्य शैली पर भी सवाल खड़े करते हुए इस बीच नगर मजिस्ट्रेट को डीएम के नाम ज्ञापन सौंपा, जिसमें उन्होंने न्याय की गुहार लगाई।

पीआरडी जवानों का सोमवार को दूसरे दिन भी विरोध प्रदर्शन जारी रहा। अपनी मांगों को लेकर सड़कों पर उतरे पीआरडी जवानों ने पूर्ण वर्दी और अनुशासन का परिचय देते हुए जीआईसी मैदान से जुलूस निकालकर कलेक्ट्रेट में प्रवेश किया। हाथों में तिरंगा ध्वज लेकर कतारबद्ध रूप से नगर की सड़कों से होकर गुजरे इन जवानों को देख हर कोई बस देखता ही रह गया। इस बीच डीएम कार्यालय पहुंचे जवानों ने नारेबाजी करते हुए नगर मजिस्ट्रेट विकास कश्यप को सौंपे ज्ञापन में ड्यूटी चार्ट पर गार्ड लिखने पर रोष व्यक्त किया। इस मामले को लेकर पीआरडी जवानों द्वारा जिला युवा कल्याण अधिकारी के साथ कार्यालय लिपिक पर गंभीर आरोप लगाए। उन्होंने कहा कि पीआरडी जवानों को ऑन लाइन पोर्टल पर ड्यूटी चार्ट जारी हुआ है, जिसमें इस बार पहली बार पीआरडी गार्ड लिखा मिला है, जो साजिश के तहत किया गया है। यह पीआरडी जवानों के निजीकरण करने का प्रयास है। उन्होंने कहा कि जब तक पोर्टल पर गार्ड शब्द नहीं हटेगा, तब तक ऐसे ही विरोध प्रदर्शन जिले में जारी रहेगा। सोमवार को भी पीआरडी जवानों के द्वारा कोई ड्यूटी नहीं की गई। इस प्रदर्शन के दौरान मुख्य रूप से विनोद कुमार, प्रेमपाल, अमित कुमार, राजेश कुमार, ब्रज भूषण, ऋषि पाल, सुनीता, सरिता, रविन्द्र कुमार, राकेश कुमार, ज्योति, दौलत राम, जगदीश, राजू, संजीव, राजकुमार, बाबूराम, दीपक कुमार, अंकित कुमार, प्रवीण कुमार आदि मौजूद रहे।

# हद! बीते 6 माह से गंदा पानी पीने को विवश एक परिवार

**▸ मासूम बच्चे संग बोतल में गंदा पानी लेकर पहुंची पालिका**

**मुजफ्फरनगर, 02 दिसम्बर (बु.)।** नगरीय क्षेत्र में आये दिन पालिका की टंकी से गंदा, कीड़े युक्त व बदबूदार पानी आने की तमाम शिकायतें आना आम बात हो गई है, मगर समस्या का कोई समाधान होता नजर नहीं आता। ऐसे मामलों में पालिका अधिकारी भवन स्वामी के टूटे पाइप व अन्य कारण बता पल्ला झाड़ने में माहिर हैं। सोमवार को ऐसे ही प्रकरण को लेकर अपने छोटे बच्चे के साथ पहुंची महिला ने बताया कि बीते 6 माह से पालिका की टंकी के सहारे घर में आ रहे गंदे पानी से परिवार के मासूम बच्चे का स्वास्थ्य खराब होने लगा है। कई बार पालिका में शिकायत के बावजूद उसकी समस्या का समाधान नहीं हुआ। पालिका के वार्ड 20 कम्बल वाली गली मौ. लद्दावाला निवासी जनेश पाल पुत्र सत्यपाल अपने परिवार के साथ रहते हैं। उन्होंने 8 नवम्बर में पालिका में शिकायत करते हुए बताया था कि उनके घर में आ रही पालिका की टंकी से गंदा पानी कई माह से यूं ही आ रहा है। उन्होंने सभासद हनी पाल के साथ ही पालिका में कई बार शिकायत की, पर समाधान नहीं हो पा रहा है। सोमवार को जनेश पाल की पत्नी मोनिका पाल अपने मासूम बेटे और बोतल में घर की टंकी में आ रहे गंदे काले पानी को लेकर पालिका पहुंची और ईओ डॉ. प्रज्ञा सिंह के समक्ष इस गंदे पानी को दिखाते हुए अपनी समस्या को रखा। मोनिका ने बताया कि छह माह से उनके घर में टंकी से ऐसा ही गंदा पानी आ रहा है। इसके पीने से परिवार के लोग व उनका बेटा भी बीमार होने लगा है। महिला की समस्या सुनकर ईओ ने संवेदनशीलता दिखाते हुए समाधान के प्रयास शुरू किए, लेकिन उन्हें जलकल विभाग में न तो एई मिले और न ही दोनों जेई कार्यालय में उपस्थित पाये गये। इसे लेकर उन्होंने कड़ी नाराजगी जताते हुए एई जलकल सुनील कुमार को शिकायत के बाद भी समस्या का समाधान नहीं कराने पर नोटिस जारी करते हुए स्पष्टीकरण तलब किया है। वहीं कुछ देर बाद पहुंचे जेई जलकल जितेन्द्र कुमार को महिला के साथ मौके पर भेजकर इस समस्या की



रिपोर्ट मांगी। ईओ ने तत्काल प्रभाव से समस्या का निदान कराने के निर्देश दिए।

## धार्मिक स्थलों पर सर्वेक्षण रोकने को लेकर सुप्रीम कोर्ट में अर्जी

**नई दिल्ली, 2 दिसंबर (एजेंसी)।** धार्मिक स्थलों पर सर्वेक्षण के मामले में कांग्रेस पार्टी के नेता आलोक शर्मा और प्रिया मिश्रा ने सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया है। उन्होंने कोर्ट में याचिका लगाकर देशभर की अदालतों को धार्मिक स्थलों पर सर्वेक्षण करने के लिए दायर याचिकाओं पर विचार करने से रोकने के निर्देश देने की मांग की है। याचिका में राज्यों को पूजा स्थल (विशेष प्रावधान) अधिनियम, 1991 के प्रावधानों का पालन करने के निर्देश देने की भी मांग की गई है। इसके साथ ही याचिका में राज्यों को 1991 के अधिनियम के उल्लंघन में धार्मिक संरचनाओं या मस्जिदों का सर्वेक्षण करने के लिए अदालतों के किसी भी आदेश को निष्पादित न करने के निर्देश देने की भी मांग की गई है। इससे पहले संभल हिंसा पर सुप्रीम कोर्ट ने अहम निर्देश देते हुए निचली अदालत से संभल जामा मस्जिद मामले पर सुनवाई न करने को कहा था। साथ ही सुप्रीम कोर्ट ने प्रशासन को कानून व्यवस्था को दुरुस्त करने की भी हिदायत दी थी। सुप्रीम कोर्ट ने याचिकाकर्ता को हाईकोर्ट जाने को कहा था। इसके अलावा कोर्ट ने कहा था कि अब हाईकोर्ट के निर्देश पर ही कोई कार्रवाई हो सकेगी। दरअसल, मस्जिद समिति ने सुप्रीम कोर्ट ने याचिका दायर कर मस्जिद का सर्वे कराने के निचली अदालत के फैसले को चुनौती दी थी। इस पर मुख्य न्यायाधीश संजीव खन्ना और न्यायमूर्ति संजय कुमार की पीठ ने याचिकाकर्ताओं से पूछा कि वह उच्च न्यायालय क्यों नहीं गए।

## नवजोत सिद्धू की पत्नी से दो करोड़ की ठगी, एनआरआई व पूर्व निजी सहायक भी शामिल

**अमृतसर, 2 दिसंबर (एजेंसी)।** पंजाब के पूर्व मंत्री नवजोत सिंह सिद्धू की पत्नी व पूर्व विधायक नवजोत कौर ने रणजीत एवेन्यू बी ब्लॉक में एससीओ दिलवाने का झांसा देकर दो करोड़ रुपये की ठगी करने का आरोप लगाया है। यह आरोप उन्होंने अपने पूर्व निजी सहायक और अमेरिका में रहने वाले एनआरआई अंगदपाल सिंह पर लगाया है। नवजोत कौर का आरोप है कि उक्त लोगों ने सौदा तय होने के बाद रजिस्ट्री नहीं करवाई। मामले की जांच कर रहे इंस्पेक्टर हरकीरत सिंह ने बताया कि दोनों पक्षों के बयान दर्ज किए जा रहे हैं। नवजोत कौर सिद्धू ने आरोप लगाया है कि अंगद पाल सिंह, उसके मामा मंगल सिंह और सुखविंदर सिंह ने मिलकर उनके साथ धोखाधड़ी की है। इस मामले में उनके पूर्व निजी सहायक गौरव वासुदेव और उनके ही सहयोगी जगजीत सिंह ने भी अहम भूमिका निभाई है। नवजोत कौर ने बताया कि अंगदपाल सिंह ने रंजीत एवेन्यू में बी ब्लॉक में एससीओ नंबर 10 उनके साथ तय किया था। इसके तहत उन्होंने अंगद पाल सिंह के खाते में एक करोड़ 20 लाख रुपये ट्रांसफर किए। इसके अलावा बाकी की रकम अलग-अलग समय पर चेक के जरिये दी गई। वह सारे चेक उनके निजी सहायक गौरव वासुदेव ने कैश करवाए और पैसे निकलवा कर अंगद के एजेंट को दे दिए थे। इसके बाद अंगदपाल सिंह लगातार रजिस्ट्री के लिए उनके साथ टाल मटोल करता रहा, लेकिन तय समय पर रजिस्ट्री नहीं करवाई और न ही उनके पैसे वापस किए। फिलहाल पुलिस दोनों पक्षों के बयान दर्ज कर मामले की जांच कर रही है। पंजाब के पूर्व मंत्री नवजोत सिंह सिद्धू की पत्नी व पूर्व विधायक



नवजोत कौर ने रणजीत एवेन्यू बी ब्लॉक में एससीओ दिलवाने का झांसा देकर दो करोड़ रुपये की ठगी करने का आरोप लगाया है। यह आरोप उन्होंने अपने पूर्व निजी सहायक और अमेरिका में रहने वाले एनआरआई अंगदपाल सिंह पर लगाया है। नवजोत कौर का आरोप है कि उक्त लोगों ने सौदा तय होने के बाद रजिस्ट्री नहीं करवाई। मामले की जांच कर रहे इंस्पेक्टर हरकीरत सिंह ने बताया कि दोनों पक्षों के बयान दर्ज किए जा रहे हैं। नवजोत कौर सिद्धू ने आरोप लगाया है कि अंगद पाल सिंह, उसके मामा मंगल सिंह और सुखविंदर सिंह ने मिलकर उनके साथ धोखाधड़ी की है।

## सुप्रीम कोर्ट ने यूपी में इस नियम पर जताई नाराजगी, बताया 'औपनिवेशिक मानसिकता'

**नई दिल्ली, 2 दिसंबर (एजेंसी)।** उत्तर प्रदेश में प्रमुख प्रशासनिक अधिकारियों जैसे प्रमुख सचिवों और जिला मजिस्ट्रेटों की पत्नियां सहकारी समितियों में पदधारी बनें, इस स्थिति पर सुप्रीम कोर्ट ने नाराजगी व्यक्त करते हुए राज्य से नियमों में बदलाव करने को कहा, क्योंकि यह 'औपनिवेशिक मानसिकता' को दर्शाता है। सुप्रीम कोर्ट के न्यायमूर्ति सूर्याकांत और उज्जल भुइयां की बेंच ने यूपी सरकार के लिए अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल के. एम. नटराज की तरफ से दी गई इस दलील पर आपत्ति जताई कि राज्य को इन समितियों से प्रतिरोध का सामना करना पड़ रहा है। न्यायमूर्ति सूर्याकांत ने कहा, 'उन्हें इस औपनिवेशिक मानसिकता से बाहर आना होगा। राज्य को इन प्रकार की समितियों के लिए मॉडल नियम तैयार करने होंगे।'

# देर से ही सही चेयरपर्सन को कंपनी बाग की याद आई, कर्मचारियों को लगाई फटकार

**▸ शौचालय में दिव्यांगों के लिए बनाए रैम्प की हालत खराब ▸ कंपनी बाग में खड़े हाथ रेहडों का निस्तारण न होने पर हड़काया**

**मुजफ्फरनगर, 02 दिसम्बर (बु.)।** नगरपालिका परिषद् की धरोहर कंपनी बाग कमला नेहरू वाटिका का चेयरपर्सन मीनाक्षी स्वरूप ने सोमवार सुबह निरीक्षण किया। यहां मिली गंदगी व अन्य व्यवस्थाओं की स्थिति देखकर जमकर नाराजगी जताई। कंपनी बाग के शौचालय में दिव्यांगों के लिए बनाए रैंप की निर्माण सामग्री की गुणवत्ता दयनीय मिलने पर उन्होंने ठेकेदार से जवाब तलब किया। मालियों की उपस्थिति चैक करने पर 2 माली गैर हाजिर मिले, जिनके रविवार की छुट्टी निरस्त कर दी गई।

लंबे समय से कम्पनी बाग में सफाई व अन्य अव्यवस्थाओं को लेकर मिल रही शिकायतों के बीच पालिका चेयरपर्सन मीनाक्षी स्वरूप ने अफसरों और सभासदों के साथ कम्पनी बाग का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने यहां पर करीब दो घंटे तक भ्रमण करते हुए वहां व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने यहां सफाई कर्मियों और मालियों की उपस्थिति चैक करने के लिए परेड कराई, जिसमें 10 अस्थाई मालियों में से 8 और नियमित मालियों में 5 माली मौजूद थे। नदारद कर्मियों को चेतावनी दी। बताया गया कि माली अपनी मर्जी से रविवार को साप्ताहिक छुट्टी रखते हैं, जिस पर नाराजगी व्यक्त करते हुए उन्होंने इस छुट्टी पर तत्काल प्रभाव से रोक लगा दी। यहां सफाई का अभाव और बाग-बगीचे में पौधों की दयनीय हालत देखकर वो जमकर भड़की और वाटिका प्रभारी नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अतुल कुमार को निर्देश दिए कि एक सप्ताह में बाग की साफ-सफाई और पेड़ पौधों की देखरेख में सुधार किया जाये। उन्होंने कहा कि कम्पनी बाग को घरेलू गार्डन की भांति विकसित और स्वच्छ बनाया जाये। उन्होंने दिव्यांगों के बने शौचालय के लिए रैम्प निर्माण गुणवत्ता को परखा, तो निर्माण सामग्री निम्न स्तर पर पाने पर नाराजगी जताते हुए ठेकेदार से जवाब तलब करने के निर्देश देते हुए मानकों के अनुसार निर्माण कराये जाने के निर्देश दिए। कम्पनी बाग के पिछले हिस्से में कॉलोनी की ओर से खिड़की खोलकर गोबर और अन्य गन्दगी डाले जाने पर उन्होंने ऐसे परिवारों को चेतावनी दी और यह खिड़की बंद कराने के निर्देश दिए। साथ ही कम्पनी बाग के बाउंड्री वॉल का निर्माण शीघ्र कराये जाने के लिए भी कहा। वहीं कम्पनी बाग में खड़े सैंकड़ों हाथ रेहड़े और अन्य वाहनों का वितरण न होने पर भी चेयरपर्सन ने तत्काल प्रभाव से वितरण कराने के निर्देश दिये।

**इन्होंने कहा-**

चेयरपर्सन मीनाक्षी स्वरूप ने कहा कि आज कम्पनी बाग में व्यवस्थाओं को लेकर निरीक्षण किया गया, वहां गन्दगी पाई गई। साथ ही वाहनों का वितरण नहीं होने पर भी एनएसए को उनका वितरण कर वार्डों में लगाने के लिए कहा। उन्होंने कहा कि कम्पनी बाग का सुधार उनकी प्राथमिकता है और एक सप्ताह में वहां साफ-सफाई करने के साथ स्वच्छता के लिए निर्देशित किया। इस दौरान चेयरपर्सन ने कम्पनी बाग में मोर्निंग वॉकर्स से चर्चा करते हुए उनकी समस्याओं को सुना और भरोसा दिलाया कि एक माह में कंपनी बाग का



कायाकल्प स्पष्ट नजर आयेगा। इस दौरान सभासद मनोज वर्मा, प्रशांत कुमार, मोहित मलिक, राजीव शर्मा, सभासद पति विकल्प जैन, ईओ डॉ. प्रज्ञा सिंह, जेई निर्माण कपिल कुमार, एनएसए डॉ. अतुल कुमार, तनवीर आलम सहित अन्य कर्मचारी मौजूद रहे।

## सुप्रीम कोर्ट करेगा समीक्षाः ईडी अनुसूचित अपराध पर बगैर प्राथमिकी के संपत्ति जब्त कर सकता है या नहीं

**नई दिल्ली, 2 दिसंबर (एजेंसी)।** सुप्रीम कोर्ट सोमवार को इस बात पर विचार करने के लिए सहमत हो गया कि क्या प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के पास धन शोधन रोधी कानून के तहत अनुसूचित अपराधों के लिए पूर्व प्राथमिकी के बिना संपत्तियों को कुर्क करने की शक्तियां हैं। प्रधान न्यायाधीश संजीव खन्ना और न्यायमूर्ति संजय कुमार की पीठ ने मद्रास उच्च न्यायालय के उस फैसले के खिलाफ ईडी द्वारा दायर याचिका पर के गोविंदराज और अन्य को नोटिस जारी किया है जिसमें एजेंसी को अवैध रेत खनन में कथित रूप से शामिल ठेकेदारों के खिलाफ कार्रवाई करने से रोक दिया गया था। ईडी का प्रतिनिधित्व कर रहे अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल एसवी राजू की दलीलों पर ध्यान देते हुए, पीठ ने नोटिस जारी किया और कहा कि धन शोधन निवारण अधिनियम की धारा पांच के दो प्रावधानों की सामंजस्यपूर्ण व्याख्या करने की आवश्यकता है। कानून की धारा पांच ईडी को धन शोधन मामलों में शामिल संपत्तियों को कुर्क करने का अधिकार देती है। धारा पांच का पहला प्रावधान कुर्की के लिए प्राथमिकी अनिवार्य करता है, जबकि दूसरा धन शोधन की जांच के दौरान ईडी को बिना प्राथमिकी के कुर्की की अनुमति देता है। पीठ दो प्रावधानों में सामंजस्य बिठा सकती है और यह तय कर सकती है कि क्या दूसरे प्रावधान को पहले प्रावधान से स्वतंत्र रूप से लागू किया जा सकता है और क्या इसके परिणामस्वरूप धन शोधन मामलों में आरोपियों के अधिकारों के अलावा ईडी की जांच शक्तियों पर प्रभाव पड़ेगा। ईडी की याचिका पर 17 फरवरी, 2025 से शुरू होने वाले सप्ताह में सुनवाई होगी।



## एसएसपी कार्यालय पर आये फरियादी की तबियत बिगड़ी

**मुजफ्फरनगर, 02 दिसम्बर (बु.)।** सोमवार को उस समय एक युवक की तबियत बिगड़ गई, जब वह एक फरियाद लेकर एसएसपी अभिषेक सिंह के कार्यालय पहुंचा था। एसएसपी अभिषेक सिंह प्रतिदिन की भांति सुनवाई कर रहे थे। अचानक उन्हें सूचना मिली कि एक फरियादी की तबियत एकाएक बिगड़ गई है। तुरंत एसएसपी के निर्देश पर फरियादी को सरकारी वाहन में जिला चिकित्सालय ले जाया गया, जहां उपचार के बाद फरियादी की हालत में सुधार हो गया।

## सफाईकर्मियों को वितरित किए जाएंगे 324 हाथ रेहड़े

**मुजफ्फरनगर, 02 दिसम्बर (बु.)।** शहरी सफाई व्यवस्था के लिए स्वच्छ भारत मिशन के तहत पूर्व में खरीदे गये हाथ रेहड़ों का वितरण न होने पर चेयरपर्सन मीनाक्षी स्वरूप की नाराजगी के बाद स्वास्थ्य विभाग ने दो दिनों में इन तमाम हाथ रेहडों को वार्डों में लगे सफाई कर्मियों के हाथों में देने की तैयारी कर ली है। सोमवार को निरीक्षण में आए खुलासे के बाद फजीहत से बचने की खातिर अब नगर स्वास्थ्य अधिकारी इन हाथ रेहडों का वितरण कराने की तैयारी में जुट गए हैं। नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अतुल कुमार ने बताया कि लंबे समय से कम्पनी बाग में खड़े 324 हाथ रेहड़ों का वितरण आज से ही शुरू कर दिया गया है। उन्होंने बताया कि प्रत्येक वार्ड में सफाई नायकों को जरुरत के अनुसार हाथ रेहड़े प्राप्त करने के लिए निर्देश जारी कर दिए हैं। इसके साथ ही मंगलवार को चेयरपर्सन मीनाक्षी स्वरूप के हाथों चार डम्फर और दो जेसीबी मशीनों को शहर में सफाई कार्य के लिए उतार दिया जायेगा। उन्होंने कहा कि एक सप्ताह में कम्पनी बाग के संवारने का काम शुरू किया जायेगा। इसके लिए शाम की शिफ्ट में वहां पर सफाई व्यवस्था की रूपरेखा बनाई गई है।

# आंखों के अस्पतालों में नहीं मिल रहा आयुष्मान कार्ड का लाभ

**मुजफ्फरनगर, 02 दिसम्बर (बु.)।** नगर निवासी विनोद जैन ने मोदी-योगी सरकार की बड़ी महत्वाकांक्षी आयुष्मान भारत योजना का लाभ सभी प्रकार के मरीजों को दिए जाने की मांग की है। उन्होंने एक विज्ञप्ति जारी करते जनपद मुजफ्फरनगर में इस योजना के तहत आई क्लीनिक और हॉस्पिटलों में भारत सरकार और राज्य सरकार द्वारा दी जा रही आयुष्मान कार्ड योजना का लाभ नहीं मिल पाने की बात की है। उन्होंने सीएमओ को भी इस संबंध में पत्र लिख अवगत कराया है कि शहर में आंखों की समस्या से संबंधित आयुष्मान पात्रों को इस योजना का लाभ नहीं मिल रहा है। उन्होंने जनहित में जिले के आलाधिकारियों को इस ओर ध्यान देने की जरूरत पर जोर दिया है। आयुष्मान कार्ड योजना के बारे में सीएमओ प्रभारी डॉ. एसके जैन ने बताया कि पैनल में आंखों के अस्पतालों के नाम भी शामिल है, यदि वहां पर इस योजना का पात्रों को लाभ नहीं मिल रहा है, तो उसकी जांच की जाएगी।

## जनपद में इन अस्पतालों में मिलेगा आयुष्मान कार्ड का लाभ

**मुजफ्फरनगर, 02 दिसम्बर (बु.)।** जनपद में सरकार की महत्वाकांक्षी आयुष्मान योजना में सरकारी अस्पतालों के साथ ही करीब 29 अस्पताल शामिल किए गए हैं, जिनमें आयुष्मान कार्ड के माध्यम से पात्रों को मुफ्त इलाज का लाभ मिल सकेगा। इन अस्पतालों में शांति मदन हॉस्पिटल, निर्वाल हॉस्पिटल, गंगाराम हॉस्पिटल, वशिष्ठ हॉस्पिटल, इवान हॉस्पिटल, एसकेबी आरोग्यम हॉस्पिटल, कुशवाहा आई हॉस्पिटल, लूथरा आई हॉस्पिटल, आई क्यु हॉस्पिटल, रामा देवी आई हॉस्पिटल, मुजफ्फरनगर मेडिकल कॉलेज, केयर पार्टनर हॉस्पिटल, भारद्वाज हॉस्पिटल, आरोग्य हॉस्पिटल, आनंद हॉस्पिटल, एमजेआईएमएस हॉस्पिटल, राजवंशी हॉस्पिटल, अनुलोक हॉस्पिटल, अर्थव हॉस्पिटल, रवि नर्सिंग होम, निसार हॉस्पिटल, विजय श्री नर्सिंग होम, सदर मेडिकेयर, न्यूरो सिटी हॉस्पिटल, रामा कृष्णा हॉस्पिटल, संजीवनी हॉस्पिटल, शर्मा मेडिकेयर, भगवंत हॉस्पिटल और विजन आई क्लीनिक योजना में शामिल है।

# गंगा घाट से संगम तक बोट में बैठकर डीएम ने तय किया शुकतीर्थ के विकास का रोड मैप

**शुकतीर्थ के विकास हेतु जिलाधिकारी ने तीर्थ नगरी में अधिकारियों के साथ की बैठक, लोगों के साथ भी की चर्चा**

**मुजफ्फरनगर, 02 दिसम्बर (बु.)।** शुकतीर्थ में धार्मिक एवं इको-टूरिज्म को बढ़ावा देने एवं हैदरपुर वैटलैण्ड को पर्यटन स्थल के रूप में विकसित कराने हेतु जिलाधिकारी उमेश मिश्रा ने सोमवार को शुकतीर्थ स्थित जिला पंचायत सभागार में अधिकारियों के साथ बैठक की। बाद में उन्होंने बोट में बैठकर गंगा घाट से लेकर संगम तक भ्रमण कर विकास के रोड मैप को तय करने का काम किया।

जिलाधिकारी उमेश मिश्र ने बैठक में शुकतीर्थ के विकास के लिए अधिकारियों के साथ विभिन्न मूलभूत सुविधाओं को बढ़ावा देने के लिए आवश्यक योजनाएं जैसे सड़कों का चौड़ीकरण व सौन्दर्यीकरण, नये घाटों का निर्माण एवं सौन्दर्यीकरण, निमार्णाधीन कार्यों का निरीक्षण (शुकतीर्थ धाम में टीएफसी एवं पार्किंग का निर्माण, गंगा घाट का उच्चीकरण, पूर्व से निर्मित पार्किंग का जीर्णोद्वार तथा विभिन्न मुख्य मार्गो पर कलाकृतियां, लैण्ड स्केपिंग एवं म्यूरल तथा साईनेज आदि)







शुकतीर्थ में ड्रेनेज सिस्टम की व्यवस्था, कूड़ा निस्तारण, वृक्षारोपण, मैडिकल सुविधाओं का सुदृढ़ीकरण, तालाबों को विकसित करना एवं उनका सौन्दर्यीकरण, परिक्रमा मार्ग का सुदृढ़ीकरण, पार्किंग जैसी सुविधाएं उपलब्ध कराने पर विचार विमर्श किया गया।

इसके साथ ही जिलाधिकारी द्वारा अधिकारियों के साथ शुकतीर्थ में स्थित संगम तक बोट के माध्यम से भ्रमण व निरीक्षण किया गया एवं यहाँ वाटर स्पोर्ट्स एवं इको-टूरिज्म विकसित किये जाने हेतु रणनीति तय की गयी। हैदरपुर वैटलैण्ड में स्थानीय एवं विदेशी सैलानी पक्षी आते है, उसके दृष्टिगत वन्य जीव फोटोग्राफी एवं वाइल्ड लाइफ टूरिज्म को बढ़ावा देने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये। उक्त कार्यों को गति प्रदान करने के लिए सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देशित किया गया। साथ ही यह चिन्हित करने के निर्देश दिये गये कि किन कार्यो को स्थानीय निधि एवं जनसहयोग से कराया जा सकता है तथा किन कार्यो के लिए परियोजना बनाकर शासन को भेजने की आवश्यकता पड़ेगी।

बैठक में उपाध्यक्ष मुजफ्फरनगर विकास प्राधिकरण की कविता राणा, मुख्य विकास अधिकारी संदीप भागिया, प्रभागीय निदेशक, सामाजिक वानिकी प्रभाग, ज्वाइंट मजिस्ट्रेट खण्ड विकास अधिकारी मोरना, अपर जिलाधिकारी प्रशासन नरेन्द्र बहादुर सिंह, उप जिलाधिकारी जानसठ सुबोध कुमार, अधिशासी अभियन्ता लोनिवि प्रा. खण्ड, ड्रेनेज मेरठ, खण्ड गंगा नहर, परियोजना प्रबन्धक सीएनडीएस सहारनपुर, क्षेत्रीय पर्यटन अधिकारी मेरठ, सहायक अभियन्ता, जिला पंचायत, जिला पंचायत राज अधिकारी, सहायक विकास अधिकारी (पंचायत) ब्लॉक मोरना आदि उपस्थित थे।

## अखिलेश यादव वोटों के लुटेरेः केशव प्रसाद मौर्य

**मेरठ, 2 दिसंबर (एजेंसी)।** प्रदेश के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि उप चुनाव में समाजवादी पार्टी की साइकिल पंक्चर होने से सपाई बौखला गए हैं। मुरादाबाद की कुंदरकी में बड़ी संख्या में मुस्लिमों ने भाजपा प्रत्याशी को वोट दिया है। करहल में भी भाजपा को वोट दिया गया।



मौर्य ने कहा कि संभल में कोर्ट के आदेश से कमीशन द्वारा किए जा रहे सर्वे की कार्रवाई की आड़ में सपा सांसद और विधायक के समर्थकों ने विवाद खड़ा किया। इसमें कई लोग मारे गए। सपा सांसद और विधायक के समर्थक ही आपस में लड़ते हैं। इसके बाद समाजवादी पार्टी प्रतिनिधिमंडल भेजने का ड्रामा करती है और पांच-पांच लाख रुपये मुआवजे की मांग करती है। अगर देना है तो पांच-पांच करोड़ रुपए दे दो। ये मुस्लिम तुष्टीकरण की राजनीति अब सपा के काम नहीं आएगी। सपा ने मुस्लिमों को बहुत बरगला लिया है। भाजपा के नाम का भय दिखाकर बहुत वोट हासिल कर लिया, लेकिन अब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री यागी के नेतृत्व वाली सरकार में सबका साथ सबका विकास हो रहा है। 2027 में उत्तर प्रदेश में भी प्रचंड बहुमत से भाजपा की सरकार बनेगी और समाजवादी पार्टी समाप्तवादी पार्टी बनेगी। ये फर्जी पीडीए परिवार डेवलपमेंट एजेंसी ये चलाते हैं। इन्होंने झूठ बोलकर लोकसभा में कुछ सीटें जीत लीं। इनके गुब्बारे की हवा निकल चुकी है। केशव प्रसाद मौर्य ने अखिलेश के वोट की लूट के आरोपों पर कहा कि वे खुद वोट के लुटेरे हैं, बूथ कैप्चरिंग करने वाले है। वे इस प्रकार की बात करते हैं। चुनाव में जीत जाए तो ईवीएम सही, हार जाए तो ईवीएम खराब और चुनाव आयोग खराब। वे तो कुंदरकी, मीरापुर, सीसामऊ का भी चुनाव रद्द करने की मांग कर रहे थे, लेकिन सीसामऊ में सपा जीती है। इनके मुंह, पेट व दिमाग में क्या है, समझना मुश्किल है। सपा ना घर की है और ना घाट की है। ना हिंदुओं की है और ना ही मुस्लिमों की है। ना अगड़ी जाति की है, ना पिछड़ी जाति की है और ना ही दलितों की है। सपा केवल गुंडे-माफिया की है। आरएसएस सरसंघचालक के तीन बच्चों के आह्वान करने के सवाल पर उपमुख्यमंत्री ने कहा कि उनके आह्वान पर देश और समाज विचार करेगा। हरियाणा में किसान आंदोलन के पीछे छिपने वाले लोग खुद चुनाव हार गए। किसान पूरी तरह से भाजपा के साथ है। उत्तर प्रदेश में चंद्रशेखर और ओवैसी द्वारा भाजपा की सहायता करने के सवाल पर उन्होंने कहा कि 100 में से 60 हमारा है और 40 में भी बंटवारा है। हम किसी के भरोसे नहीं है।